# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)



## दिसंबर भाग-1
## 2020

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
फोन: 8750187501
ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न Part -1

1. 'पीकॉक सॉफ्ट-शेल्ड कछुए' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह प्रजाति केवल भारत, बांग्लादेश और पाकिस्तान तक ही सीमित है।
   2. ये नदी, नालों, झीलों और तालाबों के तल में कीचड़ या रेत में पाए जाते हैं।
   3. कछुए की इस प्रजाति को IUCN रेड लिस्ट में संकटापन्न श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया है।

   उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं
   a. केवल 1 और 2
   b. केवल 2
   c. केवल 2 और 3
   d. 1, 2 और 3
2. 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इसके तहत केंद्र सरकार अकुशल श्रम की पूरी लागत वहन करती है।
   2. यह ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को एक वित्तीय वर्ष में सौ दिनों की रोज़गार गारंटी देकर आजीविका सुरक्षा प्रदान करती है।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 और न ही 2
3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इन्फ्लुएंजा एक जीवाणु संक्रमण है जो श्वसन प्रणाली पर हमला करता है।
   2. सुपर इंफेक्शन एक संक्रमण है जो पूर्व संक्रमण के बाद होता है।

   उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं
   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 और न ही 2
4. एचआईवी/एड्स से निपटने के लिये निम्नलिखित में से कौन-सी पहल शुरू की गई है?
   1. प्रोजेक्ट सनराईज़
   2. रेड रिबन
   3. 90-90-90 लक्ष्य

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
   a. केवल 1 और 2
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 1 और 3
   d. 1, 2 और 3

नोट :

5. दिव्यांगजनों (Pwd) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. 'दिव्यांगजन' से आशय दीर्घकालिक शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक या संवेदी दोषों वाले व्यक्ति से है।
   2. 3 दिसंबर को दुनिया भर में 'अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस' मनाया जाता है।
   3. सुगम्य भारत अभियान के तहत दिव्यांगजनों के लिये सार्वभौमिक पहुँच के लक्ष्य को प्राप्त करने की परिकल्पना की गई है।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

   a. केवल 1 और 2
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 1 और 3
   d. 1, 2 और 3
6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत एक गैर-सांविधिक निकाय है।
   2. आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने मैनुअल स्कैवेंजिंग को खत्म करने के लिये सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज शुरू किया है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 और न ही 2
7. हाल ही में समाचारों में रहा एम-सेसेशन (mCessation) कार्यक्रम है-
   a. किसी भी साइबर धोखाधड़ी या उत्पीड़न को पंजीकृत करने हेतु मोबाइल पोर्टल।
   b. तटीय क्षेत्रों में उच्च गति उष्णकटिबंधीय चक्रवाती हवाओं का सामना करने के लिये आश्रय गृह बनाने की योजना।
   c. मोबाइल प्रौद्योगिकी का उपयोग करके तंबाकू की खपत को हतोत्साहित करना।
   d. COVID-19 संक्रमण के परीक्षण और इसके प्रसार को रोकने हेतु कार्यक्रम।
8. 'क्षेत्रीय भाषाओं के संरक्षण' के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   1. नमथ बसई पहल को शिक्षा मंत्रालय द्वारा आदिवासी बच्चों को स्थानीय भाषाओं में पढ़ाने हेतु शुरू किया गया है।
   2. संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2019 को स्वदेशी भाषाओं के अंतर्राष्ट्रीय वर्ष (IYIL) के रूप में घोषित किया था।
   3. यूनेस्को की युलु उद्घोषणा का उद्देश्य भाषाई संसाधनों और विविधता की रक्षा करना है।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

   a. केवल 1
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 1 और 3
   d. 1, 2 और 3
9. हाल ही में समाचारों में रहा नाभिकीय चुंबकीय अनुनाद (NMR) परीक्षण संबंधित है:
   a. खगोलीय पिंडों के बीच की दूरी के मापन से
   b. गुरुत्वीय तरंगों की खोज से
   c. आणविक स्तर पर किसी उत्पाद की संरचना का पता लगाने से
   d. ब्लैक होल के केंद्र में चुंबकीय एकल ध्रुवों की तलाश से
10. भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. भारत में अब तक केवल दो महिला मुख्य न्यायाधीश रही हैं।
    2. CJI के अलावा अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा CJI के बाध्यकारी परामर्श के बाद की जाती है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

11. निम्नलिखित में से कौन-सी परिस्थितियाँ उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के गठन और गहनता के लिये अनुकूल हैं?

1. कोरियोलिस बल की उपस्थिति।
2. पहले से मौजूद कमज़ोर निम्न दबाव का क्षेत्र।
3. क्षैतिज हवा की गति में रूपांतरण।
4. समुद्र तल प्रणाली की सतह पर विचलन।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 3 और 4
b. केवल 2 और 3
c. 1, 2 और 4
d. 1, 2, 3 और 4

12. राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. तकनीकी वस्त्रों के लिये निर्यात संवर्द्धन परिषद (EPC) का गठन इसके घटकों में से एक है।
2. इसका उद्देश्य घरेलू बाज़ार में तकनीकी वस्त्रों का उपयोग बढ़ाना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

13. 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' (MSP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'कृषि लागत और मूल्य आयोग' सरकार को अधिदिष्ट फसलों एंव गन्ने की फसल के लिये 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' (MSP) की सिफारिश करता है।
2. 'कृषि लागत और मूल्य आयोग' की सिफारिशें सरकार के लिये बाध्यकारी नहीं हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

14: 'नगर निगम बॉण्ड' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये;

1. यह एक प्रकार की ऋण सुरक्षा होती है, जिसे केंद्र सरकार द्वारा नगरपालिकाओं के लिये जारी किया जाता है।
2. लखनऊ, भारत में नगर निगम बॉण्ड जारी करने वाला पहला शहर है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/ हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

15. मलय विशालकाय गिलहरी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह अधिकांशत: सदाबहार और अर्द्ध-सदाबहार वनों में पाई जाती है।
    2. यह मलय प्रायद्वीप की स्थानिक गिलहरी है।
    3. IUCN की रेड लिस्ट में इसे गंभीर रूप से संकटग्रस्त की सूची में शामिल किया गया है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    a. केवल 1
    b. केवल 2 और 3
    c. केवल 1 और 3
    d. 1, 2 और 3

16. वस्तु एवं सेवा कर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. संविधान का अनुच्छेद 246A संसद को पूरी तरह से वस्तु एवं सेवा कर के संबंध में कानून बनाने का अधिकार प्रदान करता है।
    2. लॉटरी और जुआ वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम के तहत कर योग्य हैं।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    a. केवल 1
    b. केवल 2
    c. 1 और 2 दोनों
    d. न तो 1 और न ही 2

17. 'द कैंसर जीनोम एटलस' (TCGA) कार्यक्रम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. इसे CSIR– जिनोमिकी और एकीकृत जीव विज्ञान संस्थान (IGIB) द्वारा शुरू किया गया है।
    2. इसके द्वारा तैयार डेटा किसी के लिये भी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं होगा।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    a. केवल 1
    b. केवल 2
    c. 1 और 2 दोनों
    d. न तो 1 और न ही 2

18. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. RBI की मौद्रिक नीति समिति (MPC) एक कार्यकारी निकाय है।
    2. MPC उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के 4% से 6% तक मुद्रास्फीति लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु आज्ञापित है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    a. केवल 1
    b. केवल 2
    c. 1 और 2 दोनों
    d. न तो 1 और न ही 2

19. ग्रेट बैरियर रीफ के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
    1. यह ऑस्ट्रेलिया के दक्षिणी तट पर स्थित है।
    2. इसका चयन विश्व धरोहर स्थल के रूप में किया गया है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
    a. केवल 1
    b. केवल 2
    c. 1 और 2 दोनों
    d. न तो 1 और न ही 2

नोट :

20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

 1. ग्लोबल टीचर प्राइज का आयोजन यूनेस्को की साझेदारी में किया जाता है।
 2. वैश्विक शिक्षा निगरानी रिपोर्ट का उद्देश्य सतत् विकास लक्ष्य संख्या-8 में उल्लिखित लक्ष्यों की दिशा में हुई प्रगति की निगरानी करना है।

 उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

 a. केवल 1
 b. केवल 2
 c. 1 और 2 दोनों
 d. न तो 1 और न ही 2

21. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

 1. भारत की प्रवासी आबादी विश्व में सबसे अधिक हैं।
 2. गैर-निवासी भारतीयों (NRIs) के लिये मतदान का अधिकार वर्ष 1950 में प्रस्तुत किया गया था।

 उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

 a. केवल 1
 b. केवल 2
 c. 1 और 2 दोनों
 d. न तो 1 और न ही 2

22. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

 1. हायाबुसा 2 जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (JAXA) का एक चंद्र मिशन है।
 2. ट्रोजन ऐसे क्षुद्रग्रह हैं जो एक बड़े ग्रह के उपग्रहों के साथ कक्षा साझा करते हैं।

 उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

 a. केवल 1
 b. केवल 2
 c. 1 और 2 दोनों
 d. न तो 1 और न ही 2

23. 'विट्ठल मंदिर' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

 1. इसका निर्माण 15वीं शताब्दी में विजय नगर साम्राज्य के शासकों द्वारा किया गया था।
 2. यह एक द्रविड़ शैली में निर्मित मंदिर है।
 3. यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है।

 उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

 a. केवल 1
 b. केवल 1 और 2
 c. केवल 2 और 3
 d. 1, 2 और 3

24. 'अंतर्राष्ट्रीय थर्मोन्यूक्लियर प्रायोगिक रिएक्टर' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

 1. इसका उद्देश्य विश्व के सबसे बड़े टोकामक यंत्र का निर्माण करना है ताकि बड़े पैमाने पर ऊर्जा के स्रोत के रूप में संलयन की व्यवहार्यता को सिद्ध किया जा सके।
 2. इस परियोजना को भारत और फ्राँस की सहभागिता में शुरू किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इन दोनों ग्रहों को जोवियन ग्रह भी कहा जाता है।
2. ये ग्रह लगभग प्रत्येक 20 वर्ष में वृहद् संयोजन में शामिल होते हैं।
3. इन दोनों ग्रहों के चारों ओर एक रिंग प्रणाली है।

उपरोक्त कथन ग्रहों के निम्नलिखित में से किस युग्म का प्रतिनिधित्व करता है?

a. बृहस्पति-शनि
b. यूरेनस-नेपच्यून
c. नेपच्यून-प्लूटो
d. शनि- यूरेनस

26. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हाथी कीस्टोन प्रजाति है।
2. भारतीय हाथियों को IUCN रेड लिस्ट में सुभेद्य के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

27. 'अनुसूचित जनजाति' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लिये अनुसूचित जनजातियों की सूची अलग-अलग होती है।
2. 'थारू' जनजाति केवल उत्तर प्रदेश और बिहार के तराई क्षेत्र से संबंधित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

28. 'व्यापार एवं विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन' (UNCTAD) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा स्थापित एक स्थायी अंतर-सरकारी निकाय है।
2. 'विश्व निवेश रिपोर्ट' UNCTAD द्वारा प्रकाशित की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

नोट :

29. डॉ. भीमराव अंबेडकर के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   1. उन्होंने हरिजन नामक समाचार पत्र की शुरुआत की।
   2. बॉम्बे प्रेसीडेंसी समिति द्वारा उन्हें साइमन कमीशन में काम करने के लिये नियुक्त किया गया था।
   3. उन्होंने तीनों गोलमेज सम्मेलनों में भाग लिया।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
   a. केवल 1 और 3
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 1 और 2
   d. 1, 2 और 3

30. नर्मदा नदी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह प्रायद्वीपीय भारत की पश्चिम की ओर बहने वाली सबसे लंबी नदी है।
   2. यह धुँआधार प्रपात का निर्माण करती है।
   3. इसका उद्गम छोटा नागपुर के पठार से होता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   a. केवल 2
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 1 और 2
   d. 1, 2 और 3

31. यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (EFTA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. स्कैंडिनेवियाई प्रायद्वीप के सभी देश EFTA के सदस्य हैं।
   2. EFTA देश यूरोपीय संघ का हिस्सा नहीं हैं।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 न ही 2

32 'भागीदारी गारंटी प्रणाली' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह गुणवत्ता मानकों पर जैविक उत्पादों को प्रमाणित करने की एक प्रक्रिया है।
   2. इसका क्रियान्वयन उपभोक्ता मामलों, खाद्य और सार्वजनिक मंत्रालय द्वारा किया जाता है।
   3. लक्षद्वीप 100 प्रतिशत जैविक बनने वाला पहला राज्य या केंद्रशासित प्रदेश है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   a. केवल 1
   b. केवल 2 और 3
   c. केवल 1 और 2
   d. 1, 2 और 3

33. दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (SAARC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. अफगानिस्तान, वियतनाम, नेपाल और म्यांमार SAARC के सदस्य राष्ट्र हैं।
   2. SAARC का सचिवालय काठमांडू में स्थित है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   a. केवल 1

b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 न ही 2

34. संयुक्त राज्य द्वारा दिया गया 'कंट्री ऑफ पर्टिकुलर कंसर्न (CPC) का पदनाम किससे संबंधित है?
a. बौद्धिक संपदा अधिकारों का उल्लंघन।
b. धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन।
c. अंतरराष्ट्रीय यात्रा मानकों का पालन नहीं करने वाले देश।
d. उच्च COVID-19 संक्रमण दर वाले देश।

35. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. इस पर्वत को चीन में माउंट कोमोलंगमा के नाम से जाना जाता है।
2. यह नेपाल और तिब्बत की सीमा पर स्थित है।
3. इसे पहली बार वर्ष 1953 में तेनजिंग नोर्गे और एडमंड हिलेरी ने मापा था।
उपरोक्त कथन निम्न में से किस पर्वत की चोटी का प्रतिनिधित्व करते हैं?
a. एवेरेस्ट पर्वत
b. कंचनजंगा पर्वत
c. कैलाश पर्वत
d. माउंट कामेत

36. चंद्र मिशनों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?
1. इज़रायल की बेरेसैट 2 परियोजना का उद्देश्य वर्ष 2024 में चंद्रमा पर एक मानव युक्त यान को उतारना है।
2. नासा के आर्टेमिस कार्यक्रम का उद्देश्य वर्ष 2024 तक 'प्रथम महिला और अगले आदमी' को चंद्रमा पर भेजना है।
3. चंद्रयान -3 को इसरो द्वारा वर्ष 2021 में लॉन्च किया जाएगा।
नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
a. केवल 1 और 3
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 2
d. 1, 2 और 3

37. जनसंख्या और विकास में भागीदारी (PPD) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. पहल का उद्देश्य प्रजनन स्वास्थ्य, जनसंख्या और विकास के क्षेत्र में दक्षिण-दक्षिण सहयोग का विस्तार और सुधार करना है।
2. PPD को वर्ष 1994 में जनसंख्या और विकास पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (ICPD) में लॉन्च किया गया था।
3. PPD का सचिवालय नई दिल्ली में स्थित है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 3
d. 1, 2 और 3

38. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. समाधान (SAMADHAN) सिद्धांत की घोषणा भारत में वामपंथी उग्रवाद की समस्या को रोकने के लिये की गई थी।
2. सिद्धांत में केंद्र सरकार की दीर्घकालिक रणनीति को शामिल किया गया है जो टॉप डाउन अप्रोच के साथ तैयार की गई है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
a. केवल 1

नोट :

b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 न ही 2

39. भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के उपयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. केरल में नाइटिंगेल-19 रोबोट चक्रवात की भविष्यवाणी करने के लिये AI का उपयोग करता है।
   2. महाराष्ट्र में उच्च बुखार की निगरानी के लिये FebriEye स्क्रीनिंग सिस्टम AI का उपयोग करता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 न ही 2

40. निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन 'जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक' प्रकाशित करता है?
   a. जर्मन वॉच
   b. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम
   c. जलवायु परिवर्तन पर अंतर्राष्ट्रीय पैनल
   d. द वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर

41. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. मोरक्को पश्चिमी सहारा, अल्जीरिया और लीबिया के साथ स्थल- सीमा साझा करता है।
   2. मोरक्को एकमात्र अफ्रीकी देश है जो अटलांटिक महासागर और भूमध्य सागर दोनों के साथ तटीय सीमा साझा करता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 और न ही 2

42. हेल्पएज इंडिया (HelpAge India) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या पुरस्कार प्राप्त करने वाला भारत का पहला संस्थान बना है।
   2. इसका स्थापना सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा वर्ष 1978 में बुजुर्ग लोगों के लिये काम करने हेतु की गई थी।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 और न ही 2

43. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के वैश्विक स्वास्थ्य अनुमान 2019 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. विश्वभर में सर्वाधिक मौतों के लिये उत्तरदायी शीर्ष 10 बीमारियों में से अधिकांश गैर-संचारी हैं।
   2. विश्व स्तर पर वर्ष 2000 से 2019 के मध्य मधुमेह से होने वाली मौतों में मामूली कमी आई है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 न ही 2

नोट :

दृष्टि The Vision

44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. मानवाधिकार परिषद मानव अधिकारों के संवर्द्धन और संरक्षण हेतु संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के तहत एक निकाय है।
   2. भारत में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नामक संवैधानिक निकाय मानवाधिकार के मामलों से संबंधित है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 न ही 2

45. निम्नलिखित में से कौन-से देश आसियान के सदस्य हैं?
   1. सिंगापुर
   2. ब्रुनेई
   3. दक्षिण कोरिया
   4. फिलीपींस
   5. लाओस

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:
   a. केवल 1 और 5
   b. केवल 2 और 3
   c. 1, 2, 4 और 5
   d. 1, 2, 3 और 5

46. मलेरिया के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह प्लाज्मोडियम नामक प्रोटोज़ोआ के कारण होता है।
   2. प्लास्मोडियम संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से मानव शरीर में प्रवेश करता है।
   3. यह परजीवी सफेद रक्त कोशिकाओं पर हमला कर उन्हें तोड़ने का कार्य करता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   a. केवल 1 और 2
   b. केवल 2
   c. केवल 2 और 3
   d. 1, 2 और 3

47. महाकवि 'सुब्रह्मण्य भारती' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये
   1. भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के अतिवादी हिस्से यानी गरमदल से जुड़े हुए थे।
   2. उन्होंने वर्ष 1907 में भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के सूरत अधिवेशन में हिस्सा लिया था।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   a. केवल 1
   b. केवल 2
   c. 1 और 2 दोनों
   d. न तो 1 और न ही 2

48. 'सिंधु घाटी सभ्यता' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही नहीं है?
   a. धातु मुद्रा उपयोग में नहीं थी और व्यापार वस्तु विनिमय प्रणाली द्वारा किया जाता था।
   b. कपास का उत्पादन सबसे पहले सिंधु सभ्यता के लोगों द्वारा किया गया था।
   c. लोग कांस्य, तांबा और लोहे के उपयोग से भली-भांति परिचित थे।
   d. सिंधु सभ्यता के लोगों के आहार में पशु उत्पादों का उपयोग प्रचलित था।

49. क्लाइमेट एंबिशन समिट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्देश्य पेरिस समझौते के तहत नई और महत्त्वाकांक्षी प्रतिबद्धताएँ निर्धारित करना है।
2. इसकी मेज़बानी G20 द्वारा प्रमुख पर्यावरणीय गैर-लाभकारी संगठनों के साथ साझेदारी में किया जा रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 और न ही 2

50. 'परिसीमन आयोग' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. परिसीमन आयोग को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किया जाता है।
2. यह जनसंख्या के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों का उचित विभाजन करके प्रत्येक नागरिक के लिये प्रतिनिधित्व का समान अवसर सुनिश्चित करता है।
3. आयोग के आदेश को किसी भी न्यायालय के समक्ष चुनौती नहीं दी जा सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

51. मिरिस्टिका स्वैम्प ट्रीफ्रॉग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये पश्चिमी घाट के स्थानिक हैं।
2. इनका पूरा जीवन चक्र पेड़ों पर ही चलता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 न ही 2

52. निम्नलिखित में से कौन पूंजीगत व्यय के घटक नहीं हैं?

1. अचल संपत्तियों को हासिल करना
2. कर्मचारियों का वेतन
3. पिछले कर्ज पर ब्याज भुगतान
4. सब्सिडी

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3
c. केवल 3 और 4
d. 2, 3 और 4

53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की एक पहल है।
2. भारत अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के साथ-साथ मिशन इनोवेशन का एक सदस्य राष्ट्र है।
3. ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, ऊर्जा मंत्रालय के अधीन कार्य करता है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1 और 2

b. केवल 2

c. केवल 3

d. 1, 2 और 3

54. 3 डी प्रिंटिंग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 3 डी प्रिंटिंग वस्तुओं के वर्किंग मॉडल बनाने के लिये कंप्यूटर एडेड डिज़ाइनिंग का उपयोग करता है।

2. इसे सब्ट्रैक्टिव विनिर्माण तकनीक भी कहा जाता है।.

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 न ही 2

55. हिंद महासागर द्विध्रुव (IOD) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह हिंद महासागर के विपरीत भागों में समुद्र की सतह के तापमान में अंतर को संदर्भित करता है।

2. अरब सागर में सामान्य की तुलना में कम चक्रवातों में का परिणाम सकारात्मक IOD होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 न ही 2

56. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कोल बेनिफिकेशन एक प्रक्रिया है जिसके द्वारा कोकिंग कोल की गुणवत्ता में सुधार किया जाता है।

2. बायोमास सह-फायरिंग एक प्रक्रिया है जिसमें बायोमास को कोयला बॉयलरों में आंशिक स्थानापन्न ईंधन के रूप में जोड़ा जाता है।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1

b. केवल 2

c. 1 और 2 दोनों

d. न तो 1 न ही 2

57. निम्नलिखित में से कौन-से देश इज़राइल के साथ स्थल सीमा साझा करते हैं?

1. मिस्र

2. सऊदी अरब

3. लेबनान

4. सीरिया

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

a. केवल 1 और 4

b. केवल 2 और 4

c. केवल 3 और 4

d. 1, 3 और 4

नोट :

58. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजियेः:

1. सैन इसिड्रो आंदोलन (MSI) इस देश में कलात्मक कार्यों के सेंसरशिप के खिलाफ चल रहा है।
2. यह कैरेबियन क्षेत्र का सबसे बड़ा द्वीपीय देश है।
3. यह अटलांटिक महासागर, मैक्सिको की खाड़ी और कैरेबियन सागर के कटाव पर स्थित है।

उपरोक्त कथनों में निम्नलिखित में से किस देश को संदर्भित किया गया है?

a. बहामास
b. क्यूबा
c. जमैका
d. डोमिनिकन गणराज्य

59. 'प्रवासी श्रमिकों के डेटाबेस' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजियेः

1. असीम (ASEEM) पोर्टल पर प्रवासी कामगारों का केंद्रीय कोष बनाया गया है।
2. 'राष्ट्रीय प्रवासी सूचना प्रणाली' (NMIS) को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा विकसित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. 1 और 2 दोनों
d. न तो 1 न ही 2

60. हाल ही में समाचारों में रहा 'विजन 2035: भारत में जन स्वास्थ्य निगरानी' नामक श्वेत पत्र दस्तावेज़ निम्नलिखित में से किस संस्थान द्वारा जारी किया गया है?

a. सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया
b. इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च
c. विश्व स्वास्थ्य संगठन
d. नीति आयोग

नोट :

## व्याख्या

**1. (a)**

**व्याख्या:**

- हाल ही में असम के सिलचर में मछली बाज़ार से 'पीकॉक सॉफ्ट-शेल्ड कछुआ' (Peacock Soft-shelled Turtle) को बचाया गया है।
    - इस कछुए का सिर बड़ा, निचले थूथन के साथ, हल्के एवं अंडाकार पृष्ठवर्म जो कभी-कभी पीले रंग के साथ गहरे काले रंग का होता है।
    - सिर एवं अंग का रंग ओलिव ग्रीन होता है, सिर विशेषकर आँखों के पीछे एवं थूथन के आगे गहरे रंग के निशान एवं बड़े पीले या नारंगी धब्बे होते हैं।
- यह प्रजाति भारत, बांग्लादेश और पाकिस्तान तक ही सीमित है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - भारत में यह उत्तरी एवं मध्य भागों में व्यापक रूप से पाई जाती है।
- ये नदी, नालों, झीलों और तालाबों के तल में कीचड़ या रेत में पाए जाते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- **संरक्षण की स्थिति:**
    - वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972: अनुसूची I (Schedule I)
    - IUCN की रेड लिस्ट: सुभेद्य (Vulnerable) अतः कथन 3 सही नहीं है।
    - CITES: परिशिष्ट I (Appendix I)

**2. (c)**

**व्याख्या:**

- महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम अर्थात् मनरेगा को भारत सरकार द्वारा वर्ष 2005 में राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम, 2005 (NREGA-नरेगा) के रूप में प्रस्तुत किया गया था। वर्ष 2010 में नरेगा (NREGA) का नाम बदलकर मनरेगा (MGNREGA) कर दिया गया।
    - महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना (MGNREGS) का प्रस्ताव इसी अधिनियम के तहत किया गया था।
- इस अधिनियम के तहत ग्रामीण भारत में प्रत्येक परिवार के अकुशल श्रम करने के इच्छुक वयस्क सदस्यों (18 वर्ष की आयु से अधिक) के लिये 100 दिन का गारंटीयुक्त रोज़गार का प्रावधान किया गया है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को आजीविका सुरक्षा प्रदान की जा सके। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस योजना के तहत केंद्र सरकार अकुशल श्रम की पूरी लागत और सामग्री की लागत का 75 प्रतिशत हिस्सा (शेष राज्यों द्वारा वहन किया जाता है) वहन करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह एक मांग-संचालित सामाजिक सुरक्षा योजना है जिसका उद्देश्य 'काम के अधिकार' को मूर्त रूप प्रदान करना है।

**3. (B)**

**व्याख्या:**

- **इन्फ्लूएंज़ा (Influenza)** एक वायरल संक्रमण है जो श्वसन प्रणाली यानी नाक, गले और फेफड़ों को प्रभावित करता है जिसे आमतौर पर **फ्लू (Flu)** कहा जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **सुपर इंफेक्शन (Super Infections)**: यह 'पूर्व संक्रमण' के बाद होने वाला एक संक्रमण है, यह विशेष रूप से व्यापक स्पेक्ट्रम एंटीबायोटिक (Broad-Spectrum Antibiotics) दवाओं से उपचार के बाद होता है। यह एंटीबायोटिक दवाओं से होने वाले जीवाणु या किण्व (Yeast) असंतुलन के कारण बहुत तेज़ी से वृद्धि करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - **उदाहरण के लिये** इन्फ्लूएंज़ा एक वायरस के कारण होता है, लेकिन इन्फ्लूएंज़ा रोगियों में मृत्यु का सबसे आम कारण द्वितीयक **निमोनिया** (Pneumonia) है, जो बैक्टीरिया के कारण होता है।

नोट :

**4. (d)**

**व्याख्या:**

- पूरे विश्व में प्रतिवर्ष 1 दिसंबर को 'विश्व एड्स दिवस' (World AIDS Day) मनाया जाता है।
  - **वर्ष 2020 की थीम:** 'वैश्विक एकजुटता, लोचशील एचआईवी सेवाएँ।'
  - 'विश्व एड्स दिवस'-2020 पर WHO द्वारा वैश्विक नेताओं और नागरिकों से एचआईवी के खिलाफ प्रतिक्रिया पर COVID-19 द्वारा उत्पन्न चुनौतियों को दूर करने में 'वैश्विक एकजुटता' प्रदर्शित करने के लिये एक रैली में भाग लेने का आह्वान किया गया है।
- पद 90-90-90 UNAIDS कार्यक्रम द्वारा निर्धारित लक्ष्य को संदर्भित करता है।
  - इस लक्ष्य के अनुसार, यह सुनिश्चित किया जाना है कि 90 प्रतिशत लोग अपनी HIV स्थिति जान सकें, पॉज़िटिव HIV वाले 90 प्रतिशत लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँच सकें और इलाज तक पहुँच प्राप्त 90 प्रतिशत लोगों में इस वायरस के दबाव को कम किया जा सके।
- **'प्रोजेक्ट सनराइज़':**
  - 'स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय' द्वारा वर्ष 2016 में 'प्रोजेक्ट सनराइज़' नामक एक पहल शुरू की गई थी इसका उद्देश्य भारत में उत्तर-पूर्वी राज्यों में विशेष रूप से ड्रग्स इंजेक्शन लगाने वाले लोगों के बीच बढ़ते एचआईवी के प्रसार से निपटना था।
- **रेड रिबन:**
- 'रेड रिबन' एचआईवी से संक्रमित लोगों के लिये जागरूकता और समर्थन का सार्वभौमिक प्रतीक है। विश्व एड्स दिवस और इसके दौरान जागरूकता बढ़ाने के लिये रिबन पहनना एक प्रमुख तरीका है।

  **अत: विकल्प (d) सही है।**

**5. (d)**

**व्याख्या:**

- दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम- 2016 के अनुसार, 'दिव्यांगजन' से आशय दीर्घकालिक शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक या संवेदी दोषों वाले व्यक्ति से है, जिससे उन्हें लोगों के मिलने-जुलने तथा समाज में अपनी पूर्ण और प्रभावी भागीदारी निभाने में बाधा महसूस होती है। अत: कथन 1 सही है।
- अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस प्रत्येक वर्ष 3 दिसंबर को पूरे विश्व में मनाया जाता है। वर्ष 1992 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव 47/3 द्वारा इसकी घोषणा की गई थी। **अत: कथन 2 सही है।**
- सुगम्य भारत अभियान सार्वभौमिक पहुँच को सुनिश्चित करने वाला एक राष्ट्रव्यापी फ्लैगशिप अभियान है, जो दिव्यांगजनों को समान अवसर प्रदान करने तथा स्वतंत्र रूप से जीने एवं एक समावेशी समाज में जीवन के सभी पहलुओं में पूर्ण भागीदारी निभाने में सक्षम बनाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**6. (c)**

**व्याख्या:**

- हाल ही में केंद्र सरकार ने सीवर लाइनों और सेप्टिक टैंकों की मैनुअल सफाई की खतरनाक प्रथा को समाप्त करने और मशीनीकृत सफाई को बढ़ावा देने के लिये दो प्रमुख पहलों की घोषणा की है।
- केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा सीवर लाइनों और सेप्टिक टैंकों की मशीनीकृत सफाई को अनिवार्य बनाने के लिये कानून में संशोधन की घोषणा की गई है, वहीं आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज की शुरुआत की है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - **सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज** का शुभारंभ 19 नवंबर, 2020 को विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर देश भर के 243 प्रमुख शहरों में किया गया है।
- राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग (NCSK) का गठन 12 अगस्त, 1994 को संसद द्वारा पारित एक अधिनियम (राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग अधिनियम, 1993) के माध्यम से एक सांविधिक निकाय के रूप में किया गया था। यह अधिनियम वर्ष 2004 में समाप्त हो गया था।

नोट :

- वर्तमान में यह आयोग केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत एक गैर-संविधिक निकाय के रूप में कार्य कर रहा है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

**7. ( c )**

**व्याख्या:**

- यह तंबाकू को प्रतिबंधित करने के लिये मोबाइल प्रौद्योगिकी पर आधारित एक पहल है।
- भारत ने वर्ष 2016 में सरकार की 'डिजिटल इंडिया' पहल के हिस्से के रूप में टेक्स्ट संदेशों (Text Messages) का उपयोग कर एम-सेसेशन (mCessation) कार्यक्रम शुरू किया था। **अत: विकल्प ( c ) सही है।**

**8. ( b )**

**व्याख्या:**

- केरल राज्य सरकार द्वारा शुरू किये गए 'नमथ बसई' कार्यक्रम ने राज्य के जनजातीय बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने हेतु मातृभाषाओं को अपनाने में सहायता प्रदान कर महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2019 को 'स्वदेशी भाषाओं के अंतर्राष्ट्रीय वर्ष' के रूप में घोषित किया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2018 में चीन के चांग्शा (Changsha) शहर में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन-यूनेस्को (UNESCO) की 'युएलु घोषणा' (Yuelu Proclamation) ने अल्पसंख्यक भाषाओं और विविधता की रक्षा के लिये विश्व भर के देशों का मार्गदर्शन करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। **अत: कथन 3 सही है।**

**9. ( c )**

**व्याख्या:**

- यह एक ऐसा परीक्षण है जो आणविक स्तर पर किसी उत्पाद की संरचना का पता लगा सकता है।
- यह रसायन विज्ञान की एक विश्लेषणात्मक तकनीक है जिसका उपयोग नमूने की सामग्री और शुद्धता के साथ-साथ इसकी आणविक संरचना को निर्धारित करने तथा गुणवत्ता नियंत्रण और अनुसंधान में किया जाता है। **अत: विकल्प ( C ) सही है।**
- भारतीय कानून के तहत ऐसे शहद के लिये NMR परीक्षण आवश्यक नहीं है जिनका विपणन स्थानीय स्तर पर किया जा रहा है, लेकिन निर्यात के लिये यह आवश्यक है।
- हाल के NMR परीक्षण योगज (Additive) का पता लगाने में सक्षम होने के बावजूद मिलावट की मात्रा का पता लगाने में सक्षम नहीं रहे।

**10. ( b )**

**व्याख्या**

- हाल ही में भारत के महान्यायवादी के. के. वेणुगोपाल ने उच्चतम न्यायालय में दाखिल एक लिखित सुझाव में न्यायपालिका के सदस्यों के बीच लिंग संवेदीकरण को बढ़ाने की आवश्यकता पर विशेष ज़ोर दिया है।
- वर्तमान में उच्चतम न्यायालय में मात्र दो महिला न्यायाधीश है, जबकि उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीश के पद के लिये 34 सीटें आरक्षित हैं, इसके अलावा भारत के मुख्य न्यायाधीश के पद पर आज तक किसी भी महिला न्यायाधीश को नियुक्त नहीं किया गया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के ऐसे न्यायाधीशों के साथ परामर्श के बाद नियुक्त किया जाता है, जो वरिष्ठ हों अथवा जिन्हें राष्ट्रपति द्वारा आवश्यक समझा जाए।
- अन्य न्यायाधीशों को राष्ट्रपति द्वारा मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के ऐसे अन्य न्यायाधीशों के साथ परामर्श के बाद नियुक्त किया जाता है, जो वरिष्ठ हों अथवा जिन्हें राष्ट्रपति द्वारा आवश्यक समझा जाए। ध्यातव्य है कि CJI के अलावा अन्य किसी भी न्यायाधीश की नियुक्ति हेतु राष्ट्रपति के लिये CJI के साथ **परामर्श करना बाध्यकारी** है। **अत: कथन 2 सही है।**

**नोट :**

**11. (c)**

**व्याख्या:**

- भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के अनुसार, चक्रवात बुरेवी (Burevi) के इस सप्ताह के अंत तक तमिलनाडु के दक्षिणी ज़िले कन्याकुमारी के तट पर दस्तक देने की आशंका है।
  - उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के गठन और गहनता के लिये अनुकूल परिस्थितियाँ हैं-
  - बृहत् समुद्री सतह जिसका तापमान 27 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो।
  - कोरियोलिस बल की उपस्थिति।
  - लम्बवत् पवनों की गति ( न की छैतिज) में अंतर कम होना।
  - कमज़ोर निम्न दाब क्षेत्र या निम्न स्तर का चक्रवातीय परिसंचरण होना।
  - समुद्री तल तंत्र पर ऊपरी अपसरण।

  **अत: विकल्प (c) सही है।**

**12. (c)**

**व्याख्या:**

- हाल ही में वस्त्र मंत्रालय ने एक समर्पित निर्यात संवर्द्धन परिषद ( Export Promotion Council- EPC) के गठन हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये हैं।
- तकनीकी वस्त्रों के लिये निर्यात संवर्द्धन परिषद का गठन **राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन** का एक भाग है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - परिषद अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देने और उसके विकास के संबंध में केंद्र सरकार के सभी निर्देशों का पालन करेगी।
- **राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन:**
  - इसे फरवरी 2020 में 1480 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के साथ अनुमोदित किया गया था। ।
  - इसका उद्देश्य देश को तकनीकी वस्त्रों में एक वैश्विक नेता के रूप में स्थान देना है और घरेलू बाज़ार में तकनीकी वस्त्रों के उपयोग को बढ़ाना है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - इसका उद्देश्य वर्ष 2024 तक घरेलू बाज़ार के व्यापार को 40 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़ाकर 50 बिलियन अमरीकी डॉलर तक ले जाना है।
  - यह वर्ष **2020-2021 से चार वर्षों के** लिये लागू किया जाएगा तथा इसके **चार घटक** हैं:
  - **प्रथम घटक:** यह 1,000 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ अनुसंधान, विकास और नवाचार पर केंद्रित है।
    - जियो-टेक्सटाइल, कृषि- टेक्सटाइल, चिकित्सा-टेक्सटाइल, मोबाइल-टेक्सटाइल और खेल- टेक्सटाइल एवं जैवनिम्नीकरण तकनीकी टेक्सटाइल के विकास पर आधारित अनुसंधान अनुप्रयोग दोनों पर आधारित होगा।
    - अनुसंधान गतिविधियों में स्वदेशी मशीनरी और प्रक्रिया उपकरणों के विकास पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा।
  - **द्वितीय घटक:** इसका उद्देश्य तकनीकी वस्त्रों के लिये बाज़ार में प्रचार और विकास करना है।
  - **तृतीय घटक:** इसका उद्देश्य तकनीकी वस्त्रों के निर्यात को बढ़ाकर वर्ष 2021-22 तक 20,000 करोड़ रुपए करना है जो वर्तमान में लगभग 14,000 करोड़ रुपए है साथ ही प्रतिवर्ष निर्यात में 10 प्रतिशत औसत वृद्धि सुनिश्चित करना है।
  - **चतुर्थ घटक:** यह शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल विकास पर केंद्रित है।
- मिशन के कार्यान्वयन के लिये वस्त्र मंत्रालय में '**मिशन निदेशालय**' (**Mission Directorate**) क्रियाशील है।

**13. (b)**

**व्याख्या**

- न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) किसी भी फसल का वह 'न्यूनतम मूल्य' होता है, जिसे सरकार द्वारा किसानों के पारिश्रमिक तौर पर स्वीकार किया जाता है।
  - यह किसी भी फसल की वह कीमत होती है, जो कि सरकार एजेंसी द्वारा फसल की खरीद करते समय भुगतान की जाती है।

**नोट :**

- इस तरह 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' कृषि मूल्य में किसी भी प्रकार की तीव्र गिरावट के खिलाफ कृषि उत्पादकों को सुरक्षा प्रदान करने हेतु भारत सरकार द्वारा अपनाई जाने वाली बाज़ार हस्तक्षेप की एक प्रणाली है।
- 'कृषि लागत और मूल्य आयोग' द्वारा सरकार को 22 अधिदिष्ट फसलों (Mandated Crops) के लिये 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' (MSP) तथा गन्ने के लिये 'उचित और लाभकारी मूल्य' (FRP) की सिफारिश की जाती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - यह भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का एक संलग्न कार्यालय है।
- कृषि लागत और मूल्य आयोग' एक सलाहकारी निकाय है, जिसकी सिफारिशें सरकार के लिये बाध्यकारी नहीं हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**14. (d)**

**व्याख्या**

- हाल ही में लखनऊ नगर निगम (Lucknow Municipal Corporation) ने 200 करोड़ रुपए के बॉण्ड को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (Bombay Stock Exchange) में सूचीबद्ध किया है।
- नगर निगम बॉण्ड (मुनि) एक प्रकार की ऋण सुरक्षा होती है जिसे राज्य, नगर निगम या प्रबंध मंडल (County) द्वारा राजमार्गों, पुलों या स्कूलों के निर्माण जैसे कार्यों के चलते अपने पूंजीगत व्यय के वित्तपोषण के लिये जारी किया जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - मुनि बॉण्ड के माध्यम से नगर निगम एक निर्दिष्ट ब्याज राशि पर व्यक्तियों या संस्थानों से धन जुटाता है और एक निर्धारित परिपक्वता तिथि पर मूल राशि लौटा देता है।
- लखनऊ ऐसा करने वाला भारत का नौवाँ शहर (उत्तर भारत का पहला) बन गया है, इसे आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (Ministry of Housing and Urban Affairs) ने अमृत मिशन के तहत प्रोत्साहित किया गया है।
    - बंगलूरू, अहमदाबाद और नासिक नगरपालिकाओं ने वर्ष 1997 से वर्ष 2010 के बीच ऐसे बॉण्ड जारी किये लेकिन बड़ी मुश्किल से 1,400 करोड़ रुपए ही इकट्ठा हो पाए। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**15. (a)**

**व्याख्या:**

- **मलय विशालकाय गिलहरी** विश्व की सबसे बड़ी गिलहरी प्रजातियों में से एक है, जिसके शरीर का ऊपरी भाग गहरे रंग का, नीचे का भाग हल्के रंग का और पूँछ लंबी एवं घनी होती है।
    - रात्रिचर उड़ने वाली गिलहरी के विपरीत मलय गिलहरी दिन में सक्रिय (Diurnal) रहती है, लेकिन यह वृक्षवासी (Arboreal) और उड़ने वाली गिलहरी की तरह ही शाकाहारी होती है।
    - यह अधिकांशतः **सदाबहार और अर्द्ध-सदाबहार वनों,** मैदानी इलाकों एवं समुद्र तल से 50 मीटर से 1,500 मीटर की ऊँचाई पर पाई जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वैश्विक स्तर पर यह दक्षिणी चीन, थाईलैंड, लाओस, वियतनाम, बर्मा, मलय प्रायद्वीप, सुमात्रा और जावा में पाई जाती है। भारत में ये गिलहरियाँ पूर्वोत्तर के जंगलों में पाई जाती हैं और वर्तमान में पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय तथा नगालैंड **(मलय प्रायद्वीप की स्थानिक हैं)** के कुछ हिस्सों में भी पाई जाती हैं। अतः कथन 2 सही नहीं है।
- **संरक्षण स्थिति:**
    - **IUCN रेड लिस्ट: संकटापन्न (Near Threatened)**
    - **CITES:** परिशिष्ट II
    - **वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972:** अनुसूची I

    **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**16. (c)**

**व्याख्या:**

- हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने एक निर्णय में स्वीकार किया है कि **लॉटरी, जुआ और सट्टेबाज़ी केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (GST) अधिनियम, 2017 के तहत कर योग्य हैं। अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

- लॉटरी, जुआ और सट्टेबाज़ी जैसे 'एक्शनेबल क्लेम' को GST के तहत शामिल करने के लिये संसद को अधिनियम के तहत 'वस्तु' की समावेशी परिभाषा निर्धारित करने का पूर्ण अधिकार है।
- संविधान का अनुच्छेद 246A संसद को वस्तु एवं सेवा कर (GST) के संबंध में कानून बनाने का अधिकार देता है, इसलिये अधिनियम की धारा 2 (52) के तहत निर्धारित 'वस्तु' (Goods) की परिभाषा को संवैधानिक प्रावधानों के विपरीत नहीं माना जा सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**

17. (d)

**व्याख्या:**

- द कैंसर जीनोम एटलस (TCGA) कैंसर जीनोमिक्स से संबंधित एक महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम है, जो आणविक रूप से 20,000 से अधिक प्राथमिक कैंसर का विवरण प्रस्तुत करता है और कैंसर के 33 सामान्य प्रकारों का मिलान करता है।
- TCGA अमेरिका के राष्ट्रीय कैंसर संस्थान (National Cancer Institute) और राष्ट्रीय मानव जीनोम अनुसंधान संस्थान (National Human Genome Research Institute) का एक संयुक्त प्रयास है जिसकी शुरुआत वर्ष 2006 में की गई थी। यह विविध विषयों और संस्थानों के शोधकर्त्ताओं को एक साथ लाने का कार्य करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- पिछले कुछ वर्षों में TCGA ने 2.5 पेटाबाइट्स से अधिक जीनोमिक, एपिजीनोमिक (Epigenomic), ट्रांसस्क्रिप्टोमिक (Transcriptomic) और प्रोटिओमिक (Proteomic) डेटा तैयार किया है।
- डेटा, जिसके चलते पहले से ही कैंसर के निदान, उपचार और रोकथाम की क्षमता में सुधार हुआ है, अनुसंधान समुदाय में किसी के भी द्वारा उपयोग हेतु लिये सार्वजनिक रूप से उपलब्ध रहेगा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

18. (b)

**व्याख्या:**

- RBI की 'मौद्रिक नीति समिति' 'भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934' के तहत स्थापित एक संविधिक निकाय है। यह आर्थिक विकास के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए मुद्रा स्थिरता को बनाए रखने हेतु कार्य करती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के 4% से 6% तक मुद्रास्फीति लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु नीतिगत ब्याज दर (रेपो रेट) का निर्धारण करती है। **अतः कथन 2 सही है।**

19. (b)

**व्याख्या:**

- हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) ने इस तथ्य को रेखांकित किया है कि ऑस्ट्रेलिया का ग्रेट बैरियर रीफ (Great Barrier Reef) काफी गंभीर स्थिति में है और जलवायु परिवर्तन के कारण इसकी स्थिति और भी बिगड़ सकती है।
- यह विश्व का सबसे व्यापक और समृद्ध प्रवाल भित्ति पारिस्थितिकी तंत्र है, जो कि 2,900 से अधिक भित्तियों और 900 से अधिक द्वीपों से मिलकर बना है।
- यह ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड के **उत्तर-पूर्वी तट** में 1400 मील तक फैला हुआ है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसे बाह्य अंतरिक्ष से देखा जा सकता है और यह जीवों द्वारा बनाई गई विश्व की सबसे बड़ी एकल संरचना है।
- यह समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र अरबों छोटे जीवों से मिलकर बना है, जिन्हें प्रवाल पॉलिप्स के रूप में जाना जाता है।
- इसे वर्ष 1981 में विश्व धरोहर स्थल के रूप में चुना गया था। **अतः कथन 2 सही है।**

20. (a)

**व्याख्या:**

- महाराष्ट्र के सोलापुर के एक प्राथमिक शिक्षक रणजीत सिंह डिसाले ग्लोबल टीचर प्राइज़ 2020 (Global Teacher Prize 2020) के विजेता बने हैं।
- **ग्लोबल टीचर प्राइज़:**
    - इसके तहत 1 मिलियन डॉलर की पुरस्कार राशि दी जाती है और यह पुरस्कार प्रतिवर्ष एक ऐसे असाधारण शिक्षक को प्रदान किया जाता है जिसने अपने पेशे हेतु उत्कृष्ट योगदान दिया है।

- वर्की फाउंडेशन इस पुरस्कार का संस्थापक है, जो कि एक वैश्विक धर्मार्थ संस्थान है तथा शिक्षा के मानकों में सुधार लाने पर केंद्रित है। यह पुरस्कार यूनेस्को (UNESCO) की साझेदारी में आयोजित किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **वैश्विक शिक्षा निगरानी रिपोर्ट:** इसे संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा जारी किया जाता है जिसका उद्देश्य सतत् विकास लक्ष्य में निहित शिक्षा संबंधी लक्ष्यों (SDG -4) की दिशा में प्रगति की निगरानी करना है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**21. ( a )**

**व्याख्या:**

- 'अनिवासी भारतीय' (Non-Resident Indian-NRI) का अर्थ ऐसे नागरिकों से है जो भारत के बाहर रहते हैं और भारत के नागरिक हैं या जो नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 7(A) के दायरे में 'विदेशी भारतीय नागरिक' कार्डधारक हैं।
- संयुक्त राष्ट्र की वर्ष 2015 की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की प्रवासी आबादी विश्व में सबसे ज़्यादा (16 मिलियन) है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यद्यपि भारत में मतदाताओं के रूप में पंजीकृत एक लाख से कुछ ही अधिक प्रवासी भारतीयों के साथ NRI मतदाताओं का पंजीकरण बहुत कम है।
- NRIs के लिये मतदान का अधिकार जनप्रतिनिधित्व कानून, 1950 में संशोधन के माध्यम से वर्ष 2011 मं पुर:स्थापित किया गया था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - एक NRIs पासपोर्ट में उल्लेखित अपने निवास स्थान के निर्वाचन क्षेत्र में मतदान कर सकता है।
  - वह केवल व्यक्तिगत रूप से मतदान कर सकता है और मतदान केंद्र पर अपनी पहचान सिद्ध करने के लिये उसे अपने पासपोर्ट की मूल प्रति उपलब्ध करानी होगी।

**22. ( d )**

**व्याख्या:**

- हाल ही में जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (JAXA) ने मानव रहित हायाबुसा 2 से एक कैप्सूल प्राप्त किया है, जो क्षुद्रग्रह रयगु से धूल के प्रथम व्यापक नमूने लेकर आया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- मिशन मूल हायाबुसा मिशन पर आधारित है जिसे वर्ष 2003 में लॉन्च किया गया था और वर्ष 2005 में सफलतापूर्वक क्षुद्रग्रह इटोकावा के साथ जोड़ा गया था।
- वर्ष 2010 में इसने पहली बार पृथ्वी पर नमूने भेजे यह पहली बार था जब एक क्षुद्रग्रह के कुछ नमूने पृथ्वी पर लाए गए थे।
- ट्रोजन ऐसे क्षुद्रग्रह हैं जो किसी बड़े ग्रह के साथ एक कक्षा को साझा करते हैं, लेकिन इसके साथ टकराते नहीं हैं क्योंकि वे कक्षा में दो विशेष स्थानों (L 4 और L 5 लग्रांज बिंदु) को इकट्ठा करते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**23. ( b )**

**व्याख्या:**

- इसका निर्माण 15वीं शताब्दी में विजयनगर साम्राज्य के शासकों में से एक देवराय द्वितीय के शासन के दौरान हुआ था। **अत: कथन 1 सही है।**
- विट्ठल मंदिर दक्षिण भारतीय मंदिर वास्तुकला की द्रविड़ शैली में निर्मित है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - 7वीं शताब्दी में द्रविड़ शैली की शुरुआत हुई, परंतु इसका विकसित रूप आठवीं शताब्दी से देखने को मिलता है।
  - कृष्णा नदी से लेकर कन्याकुमारी तक द्रविड़ शैली के मंदिर पाए जाते हैं। द्रविड़ मंदिरों का निचला भाग वर्गाकार और मस्तक गुंबदाकार, छह या आठ पहलुओं वाला होता है।
  - यह विट्ठल को समर्पित है और इसे विजया विट्ठल मंदिर भी कहा जाता है।
  - विट्ठल को भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

**24. (a)**

**व्याख्या:**

- 'अंतर्राष्ट्रीय थर्मोन्यूक्लियर प्रायोगिक रिएक्टर' (ITER) का उद्देश्य विश्व के सबसे बड़े टोकामक यंत्र का निर्माण करना है ताकि बड़े पैमाने पर कार्बन-मुक्त ऊर्जा के स्रोत के रूप में संलयन की व्यवहार्यता को सिद्ध किया जा सके। **अत: कथन 1 सही है।**
  - टोकामक एक प्रायोगिक मशीन है जिसे संलयन की ऊर्जा का उपयोग करने के लिये डिज़ाइन किया गया है। एक टोकामक के अंदर परमाणु संलयन के माध्यम से उत्पादित ऊर्जा को पात्र की दीवारों में ऊष्मा के रूप में अवशोषित किया जाता है। एक पारंपरिक ऊर्जा संयंत्र की तरह एक संलयन ऊर्जा संयंत्र में इस ऊर्जा का उपयोग वाष्प उत्पादन तथा उसके बाद टरबाइन और जनरेटर के माध्यम से विद्युत उत्पादन में किया जा सकता है।
- वर्ष 1985 में अंतर्राष्ट्रीय थर्मोन्यूक्लियर प्रायोगिक रिएक्टर (ITER) को 35 देशों की सहभागिता में शुरु किया गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**25. (a)**

**व्याख्या:**

- बृहस्पति, शनि, यूरेनस और नेपच्यून को जोवियन या विशालकाय गैस ग्रह कहा जाता है। इनमें घना वायुमंडल होता है, जिसमें ज्यादातर हीलियम और हाइड्रोजन होते हैं।
- यदि **दो आकाशीय पिंड पृथ्वी से एक दूसरे के करीब दिखाई देते हैं,** तो इसे संयोजन कहा जाता है और यदि शनि और बृहस्पति का संयोजन हैं, तो इसे एक महा संयोजन कहा जाता है।
- यह घटना प्रत्येक 20 वर्ष में घटित होती है।
- यह संयोजन पृथ्वी से देखे जाने वाले बृहस्पति और शनि के कक्षीय मार्गों का एक रेखा में आने का परिणाम है।
- सात रिंगों और उनके बीच कई अंतराल एवं विभाजनों के साथ, शनि की रिंग प्रणाली सबसे विशाल है। वर्ष 1979 में, वायजर मिशन ने बृहस्पति की शिथिल वलय प्रणाली की खोज की।

**अत: विकल्प (a) सही है।**

**26. (a)**

**व्याख्या:**

- हाथी एक **कीस्टोन** प्रजाति है।
- कीस्टोन प्रजाति ऐसे जीव होते हैं, जो संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र को परिभाषित करने में मदद करते हैं और कीस्टोन प्रजातियों के अभाव में कोई भी पारिस्थितिक तंत्र नाटकीय रूप से परिवर्तित हो जाएगा अथवा वह अस्तित्त्व में ही नहीं रहेगा। जीवित रहने के लिये अन्य प्रजातियाँ इन जीवों पर निर्भर होती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
  - एशियाई हाथी की तीन उप-प्रजातियाँ हैं - भारतीय, सुमात्रन और श्रीलंकाई।
  - महाद्वीप पर शेष हाथियों की तुलना में भारतीय हाथियों की व्यापक रेंज है।
- **भारतीय हाथियों की संरक्षण स्थिति:**
  - **वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972:** अनुसूची-I
  - **IUCN रेड लिस्ट:** लुप्तप्राय (Endangered), **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - **CITES:** परिशिष्ट I

**27. (a)**

**व्याख्या**

- संविधान के अनुच्छेद 366 (25) में अनुसूचित जनजाति को उन समुदायों के रूप में संदर्भित किया गया है जिन्हें संविधान के अनुच्छेद 342 के तहत सूचीबद्ध किया गया है।
  - अनुच्छेद 342 के अनुसार, अनुसूचित जनजातियाँ वे समुदाय हैं जिन्हें राष्ट्रपति द्वारा एक सार्वजनिक अधिसूचना या संसद द्वारा संबंधित अधिनियम में संशोधन के पश्चात् इस प्रकार घोषित किया गया है।

नोट :

- अनुसूचित जनजातियों की सूची राज्य/केंद्रशासित प्रदेश से संबंधित होती है, ऐसे में एक राज्य में अनुसूचित जनजाति के रूप में घोषित एक समुदाय को दूसरे राज्य में भी यह दर्जा प्राप्त होना अनिवार्य नहीं है। **अतः कथन 1 सही है।**
- थारू समुदाय शिवालिक या निचले हिमालय की पर्वत शृंखला के बीच तराई क्षेत्र से संबंधित है।
  - तराई उत्तरी भारत और नेपाल के बीच हिमालय की निचली श्रेणियों के सामानांतर स्थित क्षेत्र है।
  - थारू समुदाय के लोग भारत और नेपाल दोनों देशों में पाए जाते हैं, भारतीय तराई क्षेत्र में ये अधिकाशंतः उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और बिहार में रहते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**28. (c)**

**व्याख्या**

- यह वर्ष 1964 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा स्थापित एक स्थायी अंतर-सरकारी निकाय है। इसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका गठन मुख्य तौर पर वैश्विक अर्थव्यवस्था में विकासशील देशों के विकास-अनुकूल एकीकरण को बढ़ावा देने हेतु किया गया था।
- यह एक केंद्रीय एजेंसी है जो निवेश संवर्द्धन संस्थाओं (IPAs) के प्रदर्शन की निगरानी करती है और वैश्विक स्तर पर सर्वोत्तम प्रथाओं को मान्यता प्रदान करती है।
- **इसके द्वारा प्रकाशित कुछ रिपोर्ट हैं:**
  - व्यापार और विकास रिपोर्ट (Trade and Development Report)
  - विश्व निवेश रिपोर्ट (World Investment Report)
  - ग्लोबल इन्वेस्टमेंट ट्रेंड मॉनीटर रिपोर्ट (Global Investment Trend Monitor Report)
  - न्यूनतम विकसित देश रिपोर्ट (The Least Developed Countries Report)
  - सूचना एवं अर्थव्यवस्था रिपोर्ट (Information and Economy Report)
  - प्रौद्योगिकी एवं नवाचार रिपोर्ट (Technology and Innovation Report)
  - वस्तु तथा विकास रिपोर्ट (Commodities and Development Report)

  **अतः कथन 2 सही है।**

**29. (b)**

**व्याख्या:**

- डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि 6 दिसंबर को प्रत्येक वर्ष **महापरिनिर्वाण दिवस** (Mahaparinirvan Diwas) के रूप में मनाया जाता है।
- वर्ष 1920 में उन्होंने एक पाक्षिक (15 दिन की अवधि में छपने वाला) समाचार पत्र **'मूकनायक' (Mooknayak)** की शुरुआत की जिसने एक मुखर और संगठित दलित राजनीति की नींव रखी।
- वर्ष 1933 में महात्मा गांधी ने अंग्रेज़ी भाषा में साप्ताहिक समाचार पत्र 'हरिजन' की शुरुआत की थी। इसका प्रकाशन 1948 तक जारी रहा। इसी समय के दौरान उन्होंने गुजराती में हरिजन बंधु तथा हिंदी में हरिजन सेवक का प्रकाशन किया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- डॉ. भीमराव अंबेडकर ने बहिष्कृत हितकारिणी सभा (1923) की स्थापना की, जो दलितों के बीच शिक्षा और संस्कृति के प्रचार-प्रसार हेतु समर्पित थी।
- वर्ष 1925 में बॉम्बे प्रेसीडेंसी समिति द्वारा उन्हें साइमन कमीशन में काम करने के लिये नियुक्त किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- हिंदुओं के प्रतिगामी रिवाज़ों को चुनौती देने के लिये मार्च 1927 में उन्होंने महाड़ सत्याग्रह (Mahad Satyagraha) का नेतृत्व किया।
- वर्ष 1930 के कालाराम मंदिर आंदोलन में अंबेडकर ने कालाराम मंदिर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया, क्योंकि दलितों को इस मंदिर परिसर में प्रवेश नहीं करने दिया जाता था। इसने भारत में दलित आंदोलन शुरू करने में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- उन्होंने तीनों गोलमेज सम्मेलनों (Round-Table Conferences) में भाग लिया। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

**30. (c)**

**व्याख्या:**

- नर्मदा प्रायद्वीपीय क्षेत्र में **पश्चिम की ओर बहाने वाली सबसे लंबी नदी** है। यह **उत्तर में विंध्य श्रेणी** तथा **दक्षिण में सतपुड़ा श्रेणी** के मध्य भ्रंश घाटी से होकर बहती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **जबलपुर** (मध्य प्रदेश) के निकट यह नदी '**धुँआधार प्रपात**' का निर्माण करती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसका उद्गम **मध्य प्रदेश में अमरकंटक के निकट मैकाल श्रेणी** से होता है। इसके अपवाह क्षेत्र का एक बड़ा हिस्सा मध्य प्रदेश में तथा इसके अलावा महाराष्ट्र और गुजरात में है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**31. (b)**

**व्याख्या:**

- हाल ही में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने स्विट्ज़रलैंड के अपने समकक्ष के साथ एक वर्चुअल बैठक में हिस्सा लिया।
- इस बैठक के दौरान दोनों मंत्रियों ने 'भारत-ईएफटीए (EFTA) व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते' (TEPA) की वार्ताओं को आगे बढ़ाने की इच्छा व्यक्त की।
- यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (EFTA) आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्ज़रलैंड का अंतर सरकारी संगठन है।
  - स्वीडन और डेनमार्क EFTA के सदस्य नहीं हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- EFTA, यूरोपीय संघ या ईयू (EU) का हिस्सा नहीं हैं जिसके साथ भारत अलग से 'भारत-ईयू व्यापक व्यापार और निवेश समझौते' पर बातचीत कर रहा है। **अत: कथन 2 सही है।**

**32. (a)**

**व्याख्या:**

- **भागीदारी गारंटी प्रणाली** जैविक उत्पादों को प्रमाणित करने की एक प्रक्रिया है, जो सुनिश्चित करती है कि उनका उत्पादन निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुसार किया जाए। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह प्रमाणन प्रलेखित लोगो (Documented Logo) या वचन (Statement) के रूप में होता है।
- इसका कार्यान्वयन **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय** द्वारा किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- PGS प्रमाणीकरण केवल उन किसानों या समुदायों के लिये है, जो एक गाँव अथवा आस-पास के अन्य क्षेत्रों के भीतर समूह के रूप में संगठित होकर कार्य कर सकते हैं। साथ ही यह केवल कृषि गतिविधियाँ जैसे कि फसल उत्पादन, प्रसंस्करण, पशु पालन और ऑफ-फार्म प्रसंस्करण आदि पर ही लागू होता है।
- लक्षद्वीप 100 प्रतिशत ऑर्गेनिक क्षेत्र बनने वाला देश का पहला केंद्रशासित प्रदेश है, जहाँ सभी प्रकार की कृषि गतिविधियाँ पूर्णत: सिंथेटिक उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग के बिना की जाती हैं, जिससे इस क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित खाद्य विकल्प प्राप्त होता है। साथ ही यहाँ कृषि पर्यावरण-अनुकूल गतिविधि बन गई है।
  - इससे पूर्व वर्ष 2016 में **सिक्किम भारत का पहला 100** प्रतिशत जैविक राज्य बना था। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**33. (b)**

**व्याख्या:**

- दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (The South Asian Association for Regional Cooperation-SAARC) की स्थापना 8 दिसंबर,1985 को ढाका में सार्क चार्टर पर हस्ताक्षर के साथ की गई थी।
- दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय सहयोग का विचार सर्वप्रथम नवंबर 1980 में सामने आया था। सात संस्थापक देशों- बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव नेपाल, पाकिस्तान एवं श्रीलंका के विदेश सचिवों के परामर्श के बाद इनकी प्रथम मुलाकात अप्रैल 1981 में कोलंबिया में हुई थी।
  - अफगानिस्तान वर्ष 2005 में आयोजित हुए 13वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में सार्क का सबसे नया सदस्य बना। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इस संगठन का मुख्यालय एवं सचिवालय नेपाल के काठमांडू में अवस्थित है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

34. (b)

**व्याख्या:**

- अमेरिकी विदेश विभाग ने हाल ही में पाकिस्तान और चीन के साथ-साथ अन्य आठ देशों को धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघन के चलते विशेष चिंता वाले देशों (Countries of Particular Concern- CPC) की सूची में शामिल किया है। **अत: विकल्प (B) सही है।**
- इससे पहले, अमेरिकी विदेश विभाग (US State Department) ने अपनी वार्षिक **अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता (International Religious Freedom-IRF) रिपोर्ट 2019** जारी की थी, जो विश्व भर में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति का एक सर्वेक्षण है।
- पाकिस्तान, चीन, म्याँमार, इरिट्रिया, ईरान, नाइजीरिया, उत्तर कोरिया, सऊदी अरब, ताजिकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान को CPC में शामिल किया गया है क्योंकि ये देश ''धार्मिक स्वतंत्रता के व्यवस्थित, निरंतर एवं घोर उल्लंघन'' में या तो लिप्त हैं या फिर उल्लंघन होने दे रहे हैं''।
    - नाइजीरिया पहला धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र है जिसका नाम CPC में शामिल किया गया गया है।
- **विशेष निगरानी सूची:** इस सूची में ऐसी सरकारें शामिल हैं जो **"धार्मिक स्वतंत्रता के घोर उल्लंघन"** में या तो लिप्त हैं या फिर उल्लंघन होने दे रही हैं।
    - **कोमोरोस, क्यूबा, निकारागुआ** और रूस इस सूची में शामिल हैं।
    - **सूडान और उज़्बेकिस्तान** को पिछले एक साल में उनकी संबंधित सरकारों द्वारा की गई महत्त्वपूर्ण, ठोस प्रगति के आधार पर इस सूची से हटा दिया गया है।
- **विशेष चिंता वाली एंटिटी:** इस सूची में अल-कायदा, बोको हराम (नाइजीरिया आधारित), **हूती (यमन), ISIS** (इस्लामिक स्टेट), ISIS-ग्रेटर सहारा, ISIS-पश्चिम अफ्रीका और **तालिबान** आदि शामिल हैं।

35. (a)

**व्याख्या:**

- एवरेस्ट को **नेपाल में सागरमाथा** और **चीन में माउंट कोमोलंगमा** के नाम से भी जाना जाता है।
- यह **नेपाल और तिब्बत** की सीमा पर स्थित है और इसके शिखर पर दोनों ओर से पहुँचा जा सकता है।
- इसका अंग्रेज़ी नाम **सर जॉर्ज एवरेस्ट** के नाम पर पड़ा, जो औपनिवेशिक युग के एक भूगोलवेत्ता थे, इन्होंने 19वीं शताब्दी के मध्य में **भारत के सर्वेयर जनरल** के रूप में कार्य किया था।
- इसे **पहली बार वर्ष 1953 में भारतीय-नेपाली तेनजिंग नोर्गे** और **न्यूज़ीलैंडर एडमंड हिलेरी** द्वारा मापा किया गया था।

  **अत: विकल्प (a) सही है।**

36. (b)

**व्याख्या:**

- हाल ही में इज़राइल ने **वर्ष 2024 में चंद्रमा** पर एक मानव रहित यान को उतारने के उद्देश्य से **बेरेसैट-2 परियोजना** शुरू की।
- इससे पहले इज़राइल का **बेरेशीट प्रोब** चंद्रमा पर लैंडिंग करते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **आर्टेमिस,** नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (NASA) का एक क्रू-स्पेस (Crew Space) प्रोग्राम है जिसका लक्ष्य **वर्ष 2024** तक विशेष रूप से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में **"पहली महिला और अगले आदमी"** को उतारना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **भारत ने चंद्रयान-3** नामक एक नए चंद्र मिशन की योजना बनाई है। इसे **वर्ष 2021** की शुरुआत में लॉन्च किये जाने की संभावना है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

37. (a)

**व्याख्या:**

हाल ही में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री ने जनसंख्या और विकास भागीदारों (Partners in Population and Development) द्वारा आयोजित अंतर-मंत्रालयी सम्मेलन को डिजिटल रूप में संबोधित किया।

- **जनसंख्या और विकास में भागीदार:**
  - **उद्देश्य:** यह एक अंतर-सरकारी पहल है जिसके गठन का उद्देश्य विशेष रूप से प्रजनन स्वास्थ्य, जनसंख्या और विकास के क्षेत्र में **दक्षिण-दक्षिण सहयोग** (South-South Cooperation) को बढ़ावा देना तथा इसमें सुधार करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - **लॉन्च:** PPD को **जनसंख्या और विकास पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (International Conference on Population and Development),** 1994 में तब लॉन्च किया गया था, जब **काहिरा प्रोग्राम ऑफ एक्शन (Cairo Program of Action)** को लागू करने में सहायता हेतु एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के दस विकासशील देशों ने एक अंतर-सरकारी गठबंधन तैयार किया था। **अत: कथन 2 सही है।**
  - **सदस्य:** यह **27 विकासशील देशों का गठबंधन है, भारत भी इसका एक सदस्य** है।
  - **सचिवालय:** ढाका (बांग्लादेश)। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

38. (a)

**व्याख्या:**

- **वामपंथी अतिवाद (Left Wing Extremism- LWE):**
  - LWE संगठन ऐसे समूह हैं जो हिंसक क्रांति के माध्यम से बदलाव लाने की कोशिश करते हैं। वे लोकतांत्रिक संस्थाओं के खिलाफ होते हैं और जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को खत्म करने के लिये हिंसा का इस्तेमाल करते हैं।
  - ये समूह देश के अल्प विकसित क्षेत्रों में विकासात्मक प्रक्रियाओं को रोकते हैं और लोगों को मौजूदा घटनाओं से अनभिज्ञ रखकर गुमराह करने की कोशिश करते हैं।
  - वामपंथी उग्रवादी संगठन दुनिया भर में माओवादी और भारत में नक्सलियों के रूप में जाने जाते हैं।
- **समाधान (SAMADHAN):**
  - S- स्मार्ट नेतृत्त्व (Smart Leadership)
  - A- आक्रामक रणनीति (Aggressive Strategy)
  - M- प्रेरणा और प्रशिक्षण (Motivation and Training)
  - A- एक्शनेबल इंटेलिजेंस (Actionable Intelligence)
  - D- डैशबोर्ड आधारित 'मुख्य प्रदर्शन संकेतक' (Key Performance Indicators- KPI) और मुख्य परिणाम क्षेत्र (Key Result Areas- KRAs)
  - H- प्रौद्योगिकी का सदुपयोग (Harnessing Technology)
  - A- एक्शन प्लान फॉर ईच थिएटर (Action plan for each Theatre)
  - N- वित्तीय पहुँच (उग्रवादी समूहों के संदर्भ में) को रोकना (No access to Financing)
- यह सिद्धांत वामपंथी उग्रवाद की समस्या के लिये वन-स्टॉप समाधान है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसमें विभिन्न स्तरों पर तैयार की गई सरकार की पूरी रणनीति (अल्पकालिक नीति से लेकर दीर्घकालिक नीति तक) को शामिल किया गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

**39. (b)**

**व्याख्या:**

- हाल ही में PwC (फर्मों का एक वैश्विक नेटवर्क) द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने कोरोना वायरस फैलने के बाद **कृत्रिम बुद्धिमत्ता** (Artificial Intelligence- AI) के प्रयोग में 45% की वृद्धि दर्ज की है जो विश्व में सभी देशों में सबसे अधिक है।
- केरल में: सृष्टि रोबोटिक्स 'नाइटिंगेल -19 रोबोट' का उपयोग एक अच्छा उदाहरण है।
  - यह **भोजन और दवाएँ वितरित** करता है तथा डॉक्टरों एवं अन्य स्वास्थ्य देखभाल चिकित्सकों को रोगियों के साथ बातचीत करने के लिये **वीडियो इंटरेक्टिव तकनीकों** का उपयोग करने में सक्षम बनाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **महाराष्ट्र में: FebriEye** एक AI आधारित थर्मल स्क्रीनिंग प्रणाली है जो वास्तविक समय और स्वचालित, गैर-घुसपैठ निगरानी के लिये यह सुनिश्चित करता है कि प्रवेश करने वाले व्यक्ति को तेज़ बुखार न हो।
  - इसे मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल और लोकमान्य तिलक टर्मिनल में स्थापित किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**

**40. (a)**

**व्याख्या:**

हाल ही में जारी जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक-2021 में भारत को 10वाँ स्थान प्राप्त हुआ है।

- यह लगातार दूसरी बार है जब भारत इस सूचकांक में शीर्ष दस देशों की सूची में शामिल हुआ है।
- बीते वर्ष भारत को इस सूचकांक में 9वाँ स्थान प्राप्त हुआ था।
- **प्रकाशन:** जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक को जर्मनवॉच, न्यूक्लाइमेट इंस्टीट्यूट और क्लाइमेट एक्शन नेटवर्क द्वारा वर्ष 2005 से वार्षिक आधार पर प्रकाशित किया जाता है। **अत: विकल्प (A) सही है।**
- यह 57 देशों और यूरोपीय संघ के जलवायु संरक्षण संबंधी उपायों के प्रदर्शन पर नज़र रखने के लिये एक स्वतंत्र निगरानी उपकरण के तौर पर कार्य करता है।
  - इसके तहत शामिल सभी देश संयुक्त तौर पर 90 प्रतिशत से अधिक ग्रीन हाउस गैस का उत्सर्जन करते हैं।
- **लक्ष्य:** अंतर्राष्ट्रीय जलवायु राजनीति में पारदर्शिता को बढ़ावा देना और अलग-अलग देशों द्वारा जलवायु संरक्षण की दिशा में किये गए प्रयासों और प्रगति की तुलना करने में सक्षम बनाना।
- **मापदंड:** यह सूचकांक चार श्रेणियों के अंतर्गत 14 संकेतकों पर देशों के समग्र प्रदर्शन के आधार पर जारी किया जाता है।
  - ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन (40 प्रतिशत)
  - नवीकरणीय ऊर्जा (20 प्रतिशत)
  - ऊर्जा उपयोग (20 प्रतिशत)
  - जलवायु नीति (20 प्रतिशत)

**41. (b)**

**व्याख्या:**

- मोरक्को एक अरब देश है जो अल्जीरिया (दक्षिण-पूर्व) और पश्चिमी सहारा (दक्षिण-पश्चिम) के साथ स्थल सीमा साझा करता है, लेकिन लीबिया के साथ नहीं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- मोरक्को एकमात्र अफ्रीकी देश है जो अटलांटिक महासागर और भूमध्य सागर दोनों के साथ तटीय सीमा साझा करता है। यह उत्तर और उत्तर-पश्चिम में अटलांटिक महासागर तथा उत्तर में भूमध्य सागर से घिरा हुआ है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :




**42. (a)**

**व्याख्या:**

- हेल्पएज इंडिया (HelpAge India) को संस्थागत श्रेणी में वर्ष 2020 के लिये संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या पुरस्कार (United Nations Population Award 2020) प्रदान किया गया है।
- संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या पुरस्कार के इतिहास में पहली बार किसी भारतीय संस्थान को यह सम्मान प्रदान किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - वर्ष 1981 में पुरस्कार की स्थापना किये जाने के बाद से पिछले चार दशकों में केवल दो भारतीयों को सम्मानित किया गया है: वर्ष 1983 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और वर्ष 1992 में उद्योगपति-जनहितैषी जे.आर.डी.टाटा।
- यौन स्वास्थ्य पर काम करने और लैंगिक हिंसा को समाप्त करने के लिये भूटान की रानी मदर ग्याल्युम संगे चोडेन वांगचुक को वर्ष 2020 में व्यक्तिगत श्रेणी में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- भारत में लगभग 4 दशकों से कार्यरत हेल्पएज इंडिया (HelpAge India) बुजुर्गों और अन्य वंचितों के लिये काम करने वाली एक प्रमुख परोपकारी संस्था है। इसकी स्थापना वर्ष 1978 में की गई थी तथा यह **वर्ष 1860 के सोसायटी पंजीकरण अधिनियम** के तहत पंजीकृत है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**43. (a)**

**व्याख्या:**

- हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organization-WHO) ने वैश्विक स्वास्थ्य अनुमान (Global Health Estimates) 2019 जारी किया है। WHO का वैश्विक स्वास्थ्य अनुमान दुनिया के सभी क्षेत्रों में बीमारियों और चोटों के कारण होने वाली मौतों तथा स्वास्थ्य की हानि का व्यापक व तुलनात्मक मूल्यांकन करता है।
- **वैश्विक स्वास्थ्य अनुमान 2019 के प्रमुख निष्कर्ष:**
- **मृत्यु के शीर्ष दस कारण:** इसमें इस्केमिक (Ischaemic) हृदय रोग, आघात, चिरकालिक अवरोधी फुफ्फुस (Chronic Obstructive Pulmonary) रोग, निचला श्वसन तंत्र संक्रमण (Lower Respiratory Tract Infection), नवजात में होने वाला पीलिया, श्वास नलिका, श्वसन और फेफड़ों का कैंसर, अल्ज़ाइमर रोग और मनोभ्रंश (Dementias), डायरिया, डायबिटीज़ मेलिटस (Mellitus) और किडनी संबंधी रोग शामिल हैं।

नोट :

- **गैर-संचारी रोग:** विश्व में शीर्ष 10 में से 7 मौतें इसके कारण होती हैं। इसने वर्ष 2000 की अवधि में मौजूद 10 प्रमुख कारणों में से 4 कारणों की वृद्धि की है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - **हृदय रोग:** यह अब सभी कारणों से होने वाली कुल मौतों का 16% हो गया है और हृदय रोग से होने वाली मौतों की संख्या वर्ष 2000 के बाद से 2 मिलियन से अधिक बढ़कर 2019 में लगभग 9 मिलियन हो गई है।
  - **अल्ज़ाइमर रोग और मनोभ्रंश के अन्य रूप:** इस मामले में अमेरिका और यूरोप दोनों सयुंक्त रूप से वर्ष 2019 में तीसरे स्थान पर रहे।
    - महिलाओं पर प्रभाव: विश्व स्तर पर अल्ज़ाइमर और मनोभ्रंश के विविध रूपों से लगभग 65% महिलाएँ प्रभावित हैं।
  - **डायबिटीज़:** वर्ष 2000 - 2019 के बीच वैश्विक स्तर पर डायबिटीज़ से होने वाली मौतों में 70% की वृद्धि हुई, जिसमें 80% मौत का आँकड़ा पुरुषों का है।
    - पूर्वी भूमध्य सागरीय देशों में मधुमेह से होने वाली मौतें दोगुनी से अधिक हो गई हैं जो WHO द्वारा कवर किये जाने वाले सभी क्षेत्रों में सबसे अधिक वृद्धि को दर्शाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**44. (a)**

**व्याख्या:**

- **मानवाधिकार परिषद**
  - मानवाधिकार परिषद संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के भीतर एक अंतर-सरकारी निकाय है जो कि मानव अधिकारों के संवर्द्धन और संरक्षण की दिशा में कार्य करती है। यह संयुक्त राष्ट्र के 47 सदस्य देशों से मिलकर बनी है, जिनका चयन संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **भारत में मानवाधिकार**
- **संवैधानिक प्रावधान**
  - मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा (UDHR) में उल्लिखित लगभग सभी अधिकारों को भारतीय संविधान में दो हिस्सों (मौलिक अधिकार और राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धांत) में शामिल किया गया है।
  - **मौलिक अधिकार:** संविधान के अनुच्छेद 12 से 35 तक। इसमें समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार तथा संवैधानिक उपचारों का अधिकार शामिल है।
  - राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धांत: संविधान के अनुच्छेद 36 से 51 तक। इसमें सामाजिक सुरक्षा का अधिकार, काम का अधिकार, रोज़गार चयन का अधिकार, बेरोज़गारी के विरुद्ध सुरक्षा, समान काम तथा समान वेतन का अधिकार, मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार तथा मुफ्त कानूनी सलाह का अधिकार आदि शामिल हैं।
- **सांविधिक प्रावधान**
  - मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 में केंद्रीय स्तर पर एक राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के गठन की बात कही गई है, जो कि संविधान में प्रदान किये गए मौलिक अधिकारों के संरक्षण और उससे संबंधित मुद्दों के लिये राज्य मानवाधिकार आयोगों और मानवाधिकार न्यायालयों का मार्गदर्शन करेगा।
  - राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एक सांविधिक निकाय है न कि संवैधानिक। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**45. (d)**

**व्याख्या:**

- **दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का संगठन (Association of South East Asian Nations-ASEAN)**, एक क्षेत्रीय संगठन है जो एशिया-प्रशांत के उपनिवेशी राष्ट्रों में बढ़ते तनाव के बीच राजनीतिक और सामाजिक स्थिरता को बढ़ावा देने के लिये स्थापित किया गया था।
- आसियान का सिद्धांत "वन विजन, वन आइडेंटिटी, वन कम्युनिटी" है।
- प्रत्येक वर्ष 8 अगस्त को आसियान दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- आसियान सचिवालय - इंडोनेशिया, जकार्ता।

नोट :

- **सदस्य राष्ट्र**
  - इंडोनेशिया
  - मलेशिया
  - **फिलीपींस**
  - सिंगापुर
  - थाईलैंड
  - **ब्रुनेई**
  - वियतनाम
  - **लाओस**
  - म्याँमार
  - कंबोडिया

**अत: विकल्प (d) सही है।**

46. (a)

**व्याख्या:**

**मलेरिया-**

- मलेरिया प्लाज्मोडियम नामक प्रोटोज़ोआ के कारण होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम के कारण होने वाला मलेरिया सबसे घातक होता है और यह जानलेवा भी हो सकता है।
- **संक्रमित मादा एनोफेलीज मच्छर के काटने से** प्लाज्मोडियम मानव शरीर में स्पोरोजोइट्स (संक्रामक रूप) के रूप में प्रवेश करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- या परजीवी आंतरिक रूप से यकृत की कोशिकाओं में गुणित होता है और उसके बाद **लाल रक्त कणिकाओं पर हमला करता है** जिसके परिणामस्वरूप लाल रक्त कणिकाएँ/कोशिकाएँ टूटने लगती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

47. (c)

**व्याख्या**

- हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के वनाविल कल्चरल सेंटर द्वारा वर्चुअल माध्यम से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय भारती महोत्सव 2020 को संबोधित किया।
  - यह कार्यक्रम तमिल भाषा के कवि और लेखक महाकवि सुब्रह्मण्य भारती की 138वीं जयंती (11 दिसंबर, 2020) के उपलक्ष में आयोजित किया गया है।
- सुब्रह्मण्य भारती राष्ट्रवादी काल (1885-1920) के एक उत्कृष्ट भारतीय लेखक थे, जिन्हें आधुनिक तमिल शैली का जनक भी माना जाता है।
- **राष्ट्रवादी काल के दौरान भागीदारी**
  - वर्ष 1904 के बाद वे तमिल भाषा के दैनिक समाचार पत्र 'स्वदेशमित्रन' में बतौर पत्रकार शामिल हो गए।
    - इस दौरान उन्हें तत्कालीन भारत की दयनीय स्थिति और स्वाधीनता के लिये किये जा रहे प्रयासों के बारे में जानने का अवसर प्राप्त हुआ, जिसके बाद वे भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के अतिवादी हिस्से यानी गरमदल में शामिल हो गए। **अत: कथन 1 सही है।**
- सुब्रह्मण्य भारती ने स्वाधीनता आंदोलन में अपने क्रांतिकारी आगमन की घोषणा करते हुए मई 1906 में 'इंडिया' नाम से एक तमिल साप्ताहिक अखबार का प्रकाशन आरंभ किया।
  - ज्ञात हो कि यह राजनीतिक कार्टून प्रकाशित करने वाला तमिलनाडु का पहला अखबार था।
  - इसके अलावा उन्होंने 'विजया' जैसी कुछ अन्य पत्रिकाओं का प्रकाशन और संपादन भी किया।

**नोट :**

- उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के वार्षिक अधिवेशनों में हिस्सा लिया और इस दौरान बिपिन चंद्र पाल, बाल गंगाधर तिलक और सुब्रमण्य अय्यर जैसे कई अन्य अतिवादी नेताओं के साथ राष्ट्रीय मुद्दों पर वार्ता की।
    - भारती ने जब भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के बनारस अधिवेशन (1905) और सूरत अधिवेशन (1907) में हिस्सा लिया तो कॉन्ग्रेस के कई बड़े और प्रमुख नेता उनसे काफी प्रभावित हुए। **अत: कथन 2 सही है।**

**48. (c)**

**व्याख्या:**

- भारत का इतिहास सिंधु घाटी सभ्यता (IVC), जिसे हड़प्पा सभ्यता के नाम से भी जाना जाता है, के जन्म से शुरू होता है।
- अनगिनत संख्या में मिली मुहरें, एकसमान लिपि, वज़न और मापन की विधियों से सिंधु घाटी सभ्यता के लोगों के जीवन में व्यापार के महत्त्व के बारे में पता चलता है।
    - हड़प्पाई लोग पत्थर ,धातुओं, सीप या शंख का व्यापर करते थे।
    - धातु मुद्रा का प्रयोग नहीं होता था। व्यापार की वस्तु विनिमय प्रणाली मौजूद थी।
    - अरब सागर के तट पर उनके पास कुशल नौवहन प्रणाली भी मौजूद थी।
    - उन्होंने उत्तरी अफगानिस्तान में अपनी व्यापारिक बस्तियाँ स्थापित की थीं जहाँ से प्रमाणिक रूप से मध्य एशिया से सुगम व्यापार होता था।
- हड़प्पाई गाँव मुख्यत: प्लावन मैदानों के पास स्थित थे,जो पर्याप्त मात्रा में अनाज का उत्पादन करते थे।
    - गेहूँ, जौ, सरसों, तिल, मसूर आदि का उत्पादन होता था। गुजरात के कुछ स्थानों से बाजरा उत्पादन के संकेत भी मिले हैं,जबकि यहाँ चावल के प्रयोग के संकेत तुलनात्मक रूप से बहुत ही दुर्लभ मिलते हैं।
    - **सिंधु सभ्यता के मनुष्यों ने सर्वप्रथम कपास की खेती प्रारंभ की थी।**
    - वास्तविक कृषि परंपराओं को पुनर्निर्मित करना कठिन होता है क्योंकि कृषि की प्रधानता का मापन इसके अनाज उत्पादन क्षमता के आधार पर किया जाता है।
- हड़प्पाई **कांस्य की वस्तुएँ निर्मित करने की विधि, उसके उपयोग से भली भाँति परिचित थे।**
    - हड़प्पावासी **लोहे के उपयोग से परिचित नहीं** थे। हड़प्पा के लोगों द्वारा लोहे की खोज नहीं की गई थी। चूँकि यह कांस्य युग की सभ्यता थी, इसलिये इस समय के लोगों ने तांबे और कांस्य में से संबंधित धातुकर्म में बहुत अधिक उन्नति की लेकिन लोहे के नहीं।
- जर्नल ऑफ आर्कियोलॉजिकल साइंस (Journal of Archaeological Science) में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, सिंधु घाटी सभ्यता के लोगों के आहार में मांस का प्रभुत्व था, जिसमें गोमांस व्यापक रूप में शामिल था।
    - सिंधु घाटी सभ्यता के बर्तनों पर पाए गए चर्बी के अवशेषों पर यह शोध किया गया। इनमें **सुअरों, मवेशियों, भैंसों, भेड़ों और बकरियों के मांस की अधिकता** मिली। प्राचीन उत्तर-पश्चिमी भारत के शहरी और ग्रामीण इलाकों में मिले पुरातन बर्तनों में दूध से बनी कई चीज़ों के अवशेष भी पाए गए।

**अत: विकल्प (c) सही उत्तर है।**

**49. (a)**

**व्याख्या:**

- **क्लाइमेट एंबिशन समिट** 2020 पेरिस समझौते की पाँचवीं वर्षगाँठ को चिह्नित करेगा और पेरिस समझौते तथा बहुपक्षीय प्रक्रिया के लिये अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने हेतु सरकारी और गैर-सरकारी नेताओं के लिये एक मंच प्रदान करेगा।
- इसका उद्देश्य पेरिस समझौते के तीन स्तंभों- शमन, अनुकूलन और वित्त व्यवस्था, के तहत नई और महत्त्वाकांक्षी प्रतिबद्धताएँ निर्धारित करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसकी मेज़बानी चिली और इटली की साझेदारी में संयुक्त राष्ट्र, यूनाइटेड किंगडम और फ्राँस द्वारा की जाएगी। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

50. ( B )

**व्याख्या**

- परिसीमन आयोग को भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है और यह भारतीय निर्वाचन आयोग के सहयोग से काम करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **परिसीमन का उद्देश्य:**
    - परिसीमन का उद्देश्य समय के साथ जनसंख्या में हुए बदलाव के बाद भी सभी नागरिकों के लिये सामान प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करना है।
    - जनसंख्या के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों का उचित विभाजन करना ताकि प्रत्येक वर्ग के नागरिकों को प्रतिनिधित्व का समान अवसर प्रदान किया जा सके। **अत: कथन 2 सही है।**
    - अनुसूचित वर्ग के लोगों के हितों की रक्षा के लिये आरक्षित सीटों का निर्धारण भी परिसीमन की प्रक्रिया के तहत ही किया जाता है।
- अब तक चार बार परिसीमन आयोग का गठन किया गया है- 1952, 1963, 1973 और 2002
- परिसीमन आयोग एक उच्च शक्ति प्राप्त निकाय है, जिसके आदेशों को क़ानूनी शक्ति प्राप्त है और उन्हें किसी भी न्यायालय के समक्ष चुनौती नहीं दी जा सकती है। **अत: कथन 3 सही है।**

51. ( a )

**व्याख्या.**

हाल ही में केरल के त्रिशूर ज़िले में पहली बार **मिरिस्टिका स्वैम्प ट्रीफ्रॉग ( Myristica Swamp Treefrog )** को देखा गया।

**वैज्ञानिक नाम:** मर्कुराना मिरिस्टिकापालुस्ट्रिस (Mercurana Myristicapalustris)

- **विषय में:**
    - यह **पश्चिमी घाट** का स्थानिक है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - यह दुर्लभ **वानस्पतिक ( Arborea ) प्रजाति** (पेड़ों के बीच या अंदर रहने वाली) है।
    - ये प्रजनन के मौसम के दौरान केवल कुछ हफ्तों के लिये सक्रिय रहते हैं।
- **अद्वितीय प्रजनन व्यवहार:**
    - अन्य मेंढकों के विपरीत इनका प्रजनन मौसम मानसून से पहले **मई** में शुरू होता है और मानसून के पूरी तरह से सक्रिय होने से पूर्व ही **जून** में समाप्त हो जाता है।
    - प्रजनन मौसम की समाप्ति से पहले मादा और नर मेंढक एक साथ वन भूमि पर उतरते हैं।
    - मादा मिट्टी खोदती है और उथले कीचड़ में अंडे देती है। प्रजनन या अंडे देने के बाद वे पेड़ की ऊँची **कैनोपियों ( Canopies )** में वापस आ जाते हैं और अगले प्रजनन के मौसम तक वहीं रहते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

52. ( d )

**व्याख्या:**

**पूंजीगत व्यय:**

- **पूंजीगत व्यय** मशीनरी, उपकरण, भवन, स्वास्थ्य सुविधाओं, शिक्षा आदि के विकास पर **सरकार द्वारा खर्च किया गया धन** है।
- पूंजीगत व्यय पूँजी निवेश के रूप में गैर- आवर्ती प्रकार के व्यय होते हैं।
- इस प्रकार के व्यय में अर्थव्यवस्था की उत्पादक क्षमता में सुधार की उम्मीद होती है।
- पूंजीगत व्यय में निम्न मदें शामिल हैं- निवेश, ऋण भुगतान, ऋण वितरण, शेयरों की खरीद, भूमि, भवन, मशीनों और उपकरणों पर व्यय आदि।
- पूंजीगत व्यय जो कि परिसंपत्तियों के निर्माण को बढ़ावा देता है, प्रकृति में दीर्घकालिक होते हैं, इसके अलावा उत्पादन हेतु सुविधाओं में सुधार कर और परिचालन दक्षता को बढ़ाकर यह **कई वर्षों तक राजस्व उत्पन्न** करने की क्षमता प्रदान करता है।

नोट :

- यह **श्रम भागीदारी भी बढ़ाता** है, अर्थव्यवस्था को संतुलित करता है और भविष्य में अधिक **उत्पादन करने की क्षमता प्रदान करता** है।
- **राजस्व व्यय:**
- राजस्व व्यय से अभिप्राय सरकार द्वारा एक वित्तीय वर्ष में किये जाने वाले उस अनुमानित व्यय से है जिसके फलस्वरूप न तो परिसंपत्तियों का निर्माण हो और न ही देयताओं में कमी आए।
- राजस्व व्यय आवर्ती प्रकार के होते हैं जो साल-दर साल किये जाते हैं। उदाहरणत: ब्याज अदायगी, सब्सिडी, राज्यों को अनुदान, सरकार द्वारा दी जाने वाली वृद्धावस्था पेंशन, वेतन, छात्रवृति इत्यादि। **अत: विकल्प D सही है।**

**53. (c)**

**व्याख्या:**

- ऊर्जा दक्षता और संरक्षण में भारत की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) द्वारा प्रतिवर्ष 14 दिसंबर को **'राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस' (National Energy Conservation Day)** का आयोजन किया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - इस अवसर पर राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार वितरित किये जाते हैं।
- 'ऊर्जा संरक्षण अधिनियम' के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने लिये वर्ष 2002 में केंद्रीय स्तर पर एक वैधानिक निकाय के रूप में 'ऊर्जा दक्षता ब्यूरो' (Bureau of Energy Efficiency- BEE) की स्थापना की गई थी।
  - यह केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय के तहत कार्य करता है। **अत: कथन 3 सही है।**
- **मिशन इनोवेशन (Mission Innovation-MI):**
  - यह स्वच्छ ऊर्जा नवाचार में तेजी लाने के लिये 24 देशों और यूरोपीय आयोग (यूरोपीय संघ की ओर से) की एक वैश्विक पहल है।
  - **भारत इसके सदस्य देशों में से एक है।**
- **अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA):**
  - यह सुरक्षित और स्थायी भविष्य के लिये ऊर्जा नीतियों को दिशा देने हेतु विश्वभर के देशों के साथ काम करती है।
  - **वर्तमान में भारत को IEA में सहयोगी सदस्य के रूप में मान्यता दी गई है। अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - IEA और 'ऊर्जा दक्षता सेवा लिमिटेड' (EESL) ने भारत सरकार की उजाला योजना पर एक केस स्टडी जारी की है, जो ऊर्जा दक्ष प्रकाश व्यवस्था के कई लाभों को रेखांकित करता है।

**54. (a)**

**व्याख्या:**

- 3D प्रिंटिंग विनिर्माण की एक तकनीक है, जिसके अंतर्गत प्लास्टिक, राल, थर्माप्लास्टिक, धातु, फाइबर या चीनी मिट्टी आदि के माध्यम से किसी वस्तु का प्रोटोटाइप अथवा वर्किंग मॉडल बनाने के लिये कंप्यूटर-एडेड डिज़ाइनिंग (CAD) का उपयोग किया जाता है।
  - कंप्यूटर-एडेड डिज़ाइनिंग का आशय किसी डिज़ाइन के निर्माण, संशोधन, विश्लेषण और अनुकूलन आदि के लिये कंप्यूटर का उपयोग करने से है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस तकनीक में इस्तेमाल होने वाले प्रिंटर योगात्मक विनिर्माण तकनीक (Additive Manufacturing) पर आधारित होते हैं और इसके अंतर्गत कंपनियाँ विशिष्ट मांग वाली परियोजनाओं के लिये विशिष्ट उत्पाद जैसे- हल्के उपकरण ही बनाती हैं।
  - ऐसे उत्पादों के अनुप्रयोग के लिये चिकित्सा और संबद्ध क्षेत्र महत्त्वपूर्ण है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**55. (a)**

**व्याख्या:**

- **हिंद महासागर द्विध्रुव (Indian Ocean Dipole- IOD):**
  - IOD समुद्री सतह के तापमान का एक अनियमित दोलन है, जिसमें पश्चिमी हिंद महासागर की सतह का तापमान पूर्वी हिंद महासागर की तुलना में क्रमिक रूप से कम एवं अधिक होता रहता है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- हिंद महासागर द्विध्रुव (IOD) को भारतीय नीनो भी कहा जाता है।
- सरल शब्दों में कहें तो, पश्चिमी हिंदी महासागर का पूर्वी हिंद महासागर की तुलना में बारी-बारी से गर्म व ठंडा होना ही हिंद महासागर द्विध्रुव कहलाता है।
- हिंद महासागर द्विध्रुव भारतीय मानसून को सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों प्रकार से प्रभावित करता है।
- हिंद महासागर द्विध्रुव भारतीय मानसून के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया के ग्रीष्मकालीन मानसून को भी प्रभावित करता है।

- **हिंद महासागर द्विध्रुव के प्रकार:**
- भारतीय मानसून पर प्रभाव के आधार पर IOD के तीन प्रकार हैं।
  (i) तटस्थ/ सामान्य हिंद महासागर द्विध्रुव
  (ii) नकारात्मक हिंद महासागर द्विध्रुव तथा
  (iii) सकारात्मक हिंद महासागर द्विध्रुव
- **तटस्थ/ सामान्य IOD:**
  - तटस्थ IOD में पूर्वी हिंद महासागर में ऑस्ट्रेलिया के उत्तर-पश्चिमी तट के पास प्रशांत महासागर से गर्म जल के प्रवाह के कारण पूर्वी हिंद महासागर की समुद्री सतह का तापमान सामान्य से थोड़ा बढ़ जाता है।
  - वस्तुत: पूर्वी हिंद महासागर में सामान्य से थोड़ी अधिक वर्षा होती है।
  - तटस्थ (Neature) IOD लगभग सामान्य मानसून की तरह होता है।
- **नकारात्मक IOD:**
  - जब पूर्वी हिंद महासागर का तापमान पश्चिमी हिंद महासागर की तुलना में सामान्य से बहुत अधिक हो जाता है।
  - वस्तुत: लगातार लंबे समय तक प्रशांत महासागर से पूर्वी हिंद महासागर में गर्म जल के प्रवाह के कारण पूर्वी हिंद महासागर के तापमान में अधिक वृद्धि हो जाती है।
- **सकारात्मक IOD:**
  - जब पश्चिमी हिंद महासागर पूर्वी हिंद महासागर की तुलना में बहुत अधिक गर्म हो जाता है, तो इसे सकारात्मक IOD कहते हैं।
  - अरब सागर में सामान्य की तुलना में अधिक चक्रवातों में का परिणाम सकारात्मक IOD होता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **हिंद महासागर द्विध्रुव के प्रभाव:**
  - तटस्थ IOD का प्रभाव लगभग नगण्य रहता है।
    - इससे पूर्वी हिंद महासागर व ऑस्ट्रेलिया का उत्तर पश्चिमी भाग थोड़ी अधिक (सामान्य से) वर्षा प्राप्त करता है।
  - नकारात्मक IOD का प्रभाव भारतीय मानसून पर नकारात्मक पड़ता है।
    - इससे भारतीय मानसून कमजोर पड़ जाता है जिससे वर्षा की तीव्रता में कमी आती है।
    - 'हॉर्न ऑफ अफ्रीका' व पश्चिमी हिंद महासागर में काफी कम वर्षा होती है।
    - जबकि इसके विपरीत पूर्वी हिंद महासागर व आस्ट्रेलिया के उत्तर-पश्चिमी भाग में अधिक वर्षा होती है।
    - इसके कारण भारत में सूखे की स्थिति उत्पन्न होती है।
  - सकारात्मक IOD का भारतीय मानसून पर (वर्षा पर) सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।
    - इससे भारतीय उपमहाद्वीप व पश्चिमी हिंद महासागर अपेक्षाकृत अधिक वर्षा प्राप्त करते हैं।
    - सकारात्मक IOD में जहाँ भारतीय उपमहाद्वीप व पश्चिमी हिंद महासागर औसत से अधिक वर्षा प्राप्त करते हैं वहीं उत्तर पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया व पूर्वी हिंद महासागर औसत से कम वर्षा प्राप्त करते हैं।
  - इसके कारण आस्ट्रेलिया में सूखे की स्थिति उत्पन्न होती है।

**56. (b)**

**व्याख्या:**

- हाल ही में थिंक-टैंक **सेंटर फॉर साइंस एंड एन्वायरनमेंट** (Centre for Science and Environment- CSE) द्वारा आयोजित एक वेबिनार में विशेषज्ञों ने **भारत के कोयला आधारित विद्युत् क्षेत्र के कार्बन डाइऑक्साइड** ($CO_2$) फुट प्रिंट्स को कम करने के उपायों पर चर्चा की।

नोट :

- **कोल बेनिफिकेशन** एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा **कच्चे कोयले की गुणवत्ता में सुधार किया** जाता है, यह या तो अप्रासंगिक पदार्थ को कम करके जो कि खनन किये गए कोयले के साथ निकाला जाता है या संबंधित राख या दोनों को कम करके प्राप्त किया जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **बायोमास को-फायरिंग ( Co-firing ):**
  - **बायोमास को-फायरिंग** उच्च दक्षता वाले कोयला बॉयलरों में ईंधन के एक आंशिक विकल्प के रूप में बायोमास को जोड़ने को संदर्भित करता है।
    - कोयले को जलाने के लिये तैयार किये गए बॉयलरों में **कोयले और बायोमास का एक साथ दहन किया** जाता है। इस प्रयोजन के लिये मौजूदा कोयला विद्युत् संयंत्र को आंशिक रूप से पुनर्निर्मित किया जाता है।
  - **सह-फायरिंग बायोमास को एक कुशल और स्वच्छ तरीके से, और बिजली संयंत्र के GHG उत्सर्जन को कम करने के लिये विद्युत में बदलने** का एक विकल्प है।
- बायोमास **को-फायरिंग** विश्व स्तर पर स्वीकृत **कोल फ्लीट को विघटित ( Decarbonise )** करने के लिये एक **लागत प्रभावी तरीका है। अतः कथन 2 सही है।**

57. ( d )

**व्याख्या:**

- हाल ही में इज़राइल ने भूटान के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किये हैं।
- इज़राइल **मिस्र,** जॉर्डन, **लेबनान, सीरिया,** वेस्ट बैंक के फिलिस्तीनी क्षेत्रों और गाजा पट्टी के साथ स्थल सीमा साझा करता है; तथा साइप्रस के साथ समुद्री सीमा को साझा करता है। **अतः विकल्प D सही है।**
  - यह भूमध्य सागर के साथ भी अपनी सीमा साझा करता है।



58. ( b )

**व्याख्या:**

सैन इसिड्रो आंदोलन (San Isidro Movement- MSI) की शुरुआत दो वर्ष पूर्व हुई थी और **अब यह राष्ट्र के भीतर और बाहर दोनों जगह क्यूबा के असंतुष्टों के लिये एक मंच बन गया है।**

**प्रमुख बिंदु:**

- **पृष्ठभूमि:**
  - सैन इसिड्रो आंदोलन (MSI), **डिक्री 349** के माध्यम से कलात्मक कार्यों को लेकर राज्य सेंसरशिप का विरोध करने के लिये **दो वर्ष पहले** (वर्ष 2018) शुरू किया गया था।
    - **डिक्री 349** एक ऐसा कानून है, जो क्यूबा की सरकार को ऐसी **सांस्कृतिक गतिविधि** को प्रतिबंधित करने के लिये शक्तियाँ देता है, जिसे उसने मंज़ूरी नहीं दी थी।
- इस डिक्री के खिलाफ विरोध के लिये कलाकार, कवि, पत्रकार और कार्यकर्ता सैन इसिड्रो में एकत्र हुए, यह एक **श्वेत-बहुमत वाला इलाका है जो हवाना के सबसे गरीब और सांस्कृतिक रूप से सक्रिय क्षेत्रों में से एक** है।
- क्यूबा कैरिबियन क्षेत्र के द्वीपसमूह का **सबसे बड़ा एकल द्वीप** है। यह **अटलांटिक महासागर** (उत्तर और पूर्व), **मैक्सिको की खाड़ी** (पश्चिम) और **कैरेबियन सागर** (दक्षिण) के **कटाव** पर कर्क रेखा के दक्षिण में स्थित है। **अतः विकल्प ( b ) सही है।**




नोट :

59. (b)

**व्याख्या**

- भारत सरकार ने देश भर के सभी प्रवासी श्रमिकों का एक डेटाबेस बनाने का निर्णय लिया है, जिसमें अनौपचारिक क्षेत्र के प्रवासी श्रमिक भी शामिल होंगे।
- कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने कुशल श्रमिकों को आजीविका के अवसर खोजने में सहायता प्रदान करने के लिये असीम (ASEEM) पोर्टल लॉन्च किया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - असीम (ASEEM) पोर्टल का पूर्ण रूप 'आत्मनिर्भर कुशल कर्मचारी-नियोक्ता मानचित्रण (Aatamanirbhar Skilled Employee-Employer Mapping) है।
    - भारत के विभिन्न राज्यों से अपने घरों को वापस लौटे श्रमिकों तथा वंदे भारत मिशन के तहत स्वदेश लौटे भारतीय नागरिकों, जिन्होंने 'कौशल कार्ड' में पंजीकरण कराया है, के डेटाबेस को भी इस पोर्टल के साथ एकीकृत किया गया है।
- राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) ने एक ऑनलाइन डैशबोर्ड 'राष्ट्रीय प्रवासी सूचना प्रणाली' (NMIS) को विकसित किया है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - यह ऑनलाइन पोर्टल प्रवासी कामगारों के बारे में केंद्रीय कोष बनाएगा और उनके मूल स्थानों तक उनकी यात्रा को सुचारू बनाने के लिये अंतर-राज्यीय संचार/समन्वय में मदद करेगा।

60. (d)

**व्याख्या:**

- हाल ही में नीति आयोग ने 'विजन 2035: भारत में जन स्वास्थ्य निगरानी' नाम से एक श्वेत पत्र जारी किया है, जिसका उद्देश्य भारत में जन स्वास्थ्य निगरानी को बढ़ाने के लिये एक विजन दस्तावेज़ प्रस्तुत करना और भारत को इस क्षेत्र में एक अग्रणी स्थान प्राप्त करने में मदद करना है। **अतः विकल्प (d) सही है।**
- यह श्वेत पत्र नीति आयोग के हेल्थ वर्टिकल और यूनिवर्सिटी ऑफ मैनिटोबा (कनाडा) का एक संयुक्त प्रयास है, जिसमें भारत सरकार, राज्यों सरकारों और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के तकनीकी विशेषज्ञों का योगदान शामिल है।
- यह श्वेत पत्र त्रिस्तरीय (प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक) जन स्वास्थ्य व्यवस्था को आयुष्मान भारत में शामिल करते हुए जन स्वास्थ्य निगरानी के लिये भारत का विज़न प्रस्तुत करता है।
- यह श्वेत पत्र व्यक्तिगत इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड को निगरानी का आधार बनाकर देश में 'जन स्वास्थ्य निगरानी' के लिये एक तरीका प्रस्तुत करता है।

नोट :